




दैनिक

# जागो वर्ल्ड

www.dainikjagoworld.com

सजग,सटीक ,निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक



आज का विचार


RNI No. : HPHIN/2015/64797 .शिमला / ऊना ,वर्ष 11 .अंक 132 .कुल पृष्ठ -20 . 26 जनवरी 2026 .मूल्य 5 रुपए

Shimla,Mandi,Kullu.Chamba,Hamirpur,Bilaspur,Kangra,Sirmour,Lahol-spiti,Una,Solan,Kinnour,Delhi,Hariyana,J&K,Punjab


## संपादकीय

## गणतंत्र दिवस पर एक पत्रकार की सोच: आखिर कैसा हो 2026 का आधुनिक भारत?

**गणतंत्र** दिवस केवल तिरंगा फहराने या परेड देखने का पर्व नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन का अवसर भी है कि हमारा भारत किस दिशा में बढ़ रहा है और हम 2026 के आधुनिक भारत को कैसा देखना चाहते हैं। एक पत्रकार होने के नाते, मेरी यह सोच सिर्फ कल्पना नहीं, बल्कि आम नागरिकों की अपेक्षाओं, ज़मीनी सच्चाइयों और संविधान की मूल भावना से जुड़ी है। आधुनिक भारत की नींव किसान की खुशहाली से मजबूत होगी। जब तक अन्नदाता सुरक्षित, सम्मानित और आर्थिक रूप से सशक्त नहीं होगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा। किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य, समय पर भुगतान, सिंचाई व भंडारण की बेहतर सुविधाएं और महंगाई पर नियंत्रण-ये सब 2026 के भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। देश का भविष्य नौजवानों के हाथों में है। शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराना समय की मांग है। नौजवानों को सिर्फ डिग्रियां नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने के साधन मिलें, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदार बन सकें। महिलाओं को बराबरी का अधिकार केवल कागज़ों तक सीमित न रहे, बल्कि व्यवहार में दिखे। सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार में समान अवसर-यही सशक्त भारत की पहचान होगी। वहीं नौनिहालों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक संस्कार और सुरक्षित वातावरण मिलना ही सच्चे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जिन बुजुर्गों ने इस देश को सींचा है, उनके लिए सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र पत्रकारिता से ही संभव है। पत्रकारों को भयमुक्त वातावरण, सुरक्षा और सम्मान मिलना चाहिए। कलमकारों को आय और रोजगार की स्थिरता मिले, ताकि वे बिना दबाव सच्चाई को सामने ला सकें। एक मजबूत मीडिया ही एक स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। 2026 का आधुनिक भारत वही



-शांति गौतम
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट

( -शेष पृष्ठ दो पर- )

# 'मन की बात': पीएम मोदी ने बताए मिलेट्स खाने के फायदे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2026 के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। यह कार्यक्रम का 130वां एपिसोड था। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने समाज, खेती, सेहत और तकनीक जैसे अहम विषयों पर बात की और लोगों के प्रयासों की खुलकर सराहना की। उन्होंने मिलेट्स यानी श्रीअन्न को लेकर देश में बढ़ते उत्साह को प्रेरणादायक बताया और इसे भारत की सांस्कृतिक और पोषण परंपरा से जोड़ा। 'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आप सभी की मिलेट्स के लिए सराहना करना चाहता हूं. 2023 को हमने मिलेट वर्ष घोषित किया था, लेकिन आज तीन साल बाद भी इसे लेकर देश और दुनिया में जो पैशन है, वो उत्साहित करने वाला है। आज सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में श्रीअन्न के प्रति लगाव लगातार बढ़ रहा है और यह सेहत के साथ-साथ किसानों की आमदनी के लिए भी फायदेमंद साबित हो रहा है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने तमिलनाडु के कल्ल-कुरिची जिले का उदाहरण दिया. उन्होंने कहा कि यहां महिला किसानों का एक समूह पूरे देश के लिए प्रेरणा बन गया है। 'पेरियापलायम मिलेट' एफपीसी से करीब 800 महिला किसान जुड़ी हुई हैं। मिलेट की बढ़ती मांग को देखते हुए इन महिलाओं ने मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट शुरू की। अब ये महिलाएं मिलेट से बने उत्पादों को खुद तैयार कर सीधे बाजार तक पहुंचा रही हैं, इससे न सिर्फ उनकी आमदनी बढ़ी है, बल्कि वे आत्मनिर्भर भी बनी हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



सोलन: पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने रविवार को सोलन के कुमारहट्टी में पार्टी के साथियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने गणतंत्र दिवस की देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए संविधान के निर्माताओं को नमन किया। साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके प्रत्येक नागरिक से मतदाता पहचान पत्र बनवाने और लोकतंत्र को सशक्त बनाने का आह्वान किया। जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश राष्ट्र निर्माण और जनभागीदारी की भावना को और मजबूत करने वाला है।

## पूर्ण राजत्व दिवस पर लें हिमाचल को विकसित बनाने का संकल्प: अनुराग

जागो वर्ल्ड

**शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राजत्व दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पूर्ण राजत्व दिवस केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि का स्मरण नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प को दोहराने का अवसर है। इस अवसर पर अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने दिल्ली स्थित आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात को आगंतुकों के साथ सुना। कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से साझा किए गए प्रेरक विचारों और जनभागीदारी के संदेशों ने सभी को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रकृति की नैसर्गिक सुन्दरता की भूमि, देवी-देवताओं की पावन धरा, वीरों के शौर्य, पराक्रम व त्याग तथा पुरातन सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राजत्व दिवस पर मैं सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत की विकास यात्रा में हिमाचल प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यह हमारा गौरव और हमारी ताकत है। हिमाचल के लोगों ने अपनी मेहनत और समर्पण के बल पर देश-दुनिया में एक सशक्त पहचान बनाई है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्ण राजत्व दिवस प्रदेश की संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने के साथ-साथ भविष्य की दिशा तय करने का अवसर है। यह दिन हमें एकजुटता, सामाजिक समरसता और विकास के साझा लक्ष्य के लिए प्रेरित करता है। मैं बाबा बालकनाथ से राज्य की निरंतर प्रगति और सभी हिमाचलवासियों के कल्याण की कामना करता हूं तथा आह्वान करता हूं कि हम सभी मिलकर हिमाचल को विकसित प्रदेश बनाने का संकल्प लें। 'मन की बात' कार्यक्रम पर अपने विचार रखते हुए अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन-जन की भागीदारी, स्वच्छता, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत और सांस्कृतिक गौरव जैसे विषयों पर प्रेरणादायी संदेश देकर देशवासियों को सकारात्मक दिशा दी है। 'मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण से जुड़ने का माध्यम है, जो समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है' उन्होंने कहा। इस अवसर पर बड़सर विधायक इंदरदत्त लखनपाल ने बड़सर मंडल के पदाधिकारियों के साथ मिलकर मन की बात कार्यक्रम को अनुराग सिंह ठाकुर के साथ सुना और प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।



## पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के 982 जवानों को वीरता और सेवा पदक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस पर पुलिस, अग्नि शमन, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा के 982 जवानों को वीरता और सेवा पदकों से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। गृह मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि इनमें से 125 पुलिसकर्मियों को वीरता के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया जायेगा जिनमें 121 पुलिस सेवा के और चार अग्निशमन सेवा के हैं। वीरता पदक पाने वाले 121 पुलिसकर्मियों में से 35 नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के, 45 जम्मू कश्मीर के, पांच पूर्वोत्तर के और 40 शेष देश के हैं। सबसे अधिक जम्मू कश्मीर के 33 पुलिसकर्मियों, महाराष्ट्र के 31, उत्तर प्रदेश के 18, दिल्ली के 14, मणिपुर के पांच, ओडिशा के चार, बिहार के तीन और तेलंगाना के एक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 12, पुलिसकर्मी को वीरता पदक से नवाजा गया है। इसके अलावा 101 पुलिसकर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पदक से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इनमें से 89 पुलिस सेवा, पांच अग्नि शमन सेवा, तीन नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड और 25 सुधारात्मक सेवा के हैं। विभिन्न सेवाओं के 756 पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति के पदक से सम्मानित किया जायेगा। इनमें से 664 पुलिस सेवा, 34 अग्नि शमन सेवा, 33 नागरिक सुरक्षा और होमगार्ड तथा 25 सुधारात्मक सेवा के हैं। वीरता पदक वीरता के दुर्लभ और बहादुरी के कार्यों के आधार पर दिए जाते हैं, जिसमें जान और माल की रक्षा करना, या अपराध रोकना या अपराधियों को गिरफ्तार करना शामिल है। इसमें होने वाले जोखिम का अनुमान संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों को ध्यान में रखकर लगाया जाता है।

## कांग्रेस ने हिमाचल की बहनों के साथ किया भद्दा मजाक, 1500 की घोषणा केवल छलावा: बिंदल



जागो वर्ल्ड

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने संत शिरोमणी गुरु रविदास जी महाराज के चरणों में नमन करने के उपरान्त नाहन विधानसभा क्षेत्र की गुरु रविदास धर्मशाला में बूथ संख्या 52 के कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर डॉ. बिंदल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश व देश के समसामयिक विषयों पर विस्तृत प्रतिक्रिया दी। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि हिमाचल दिवस के पावन अवसर पर अत्यंत दु:ख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल की माताओं-बहनों-बेटियों के साथ मजाक की भूमिका में खड़े दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अक्टूबर-नवंबर 2022 में घोषणा की थी कि सरकार बनते ही दिसंबर महीने में हर बहन को ?1500 दिए जाएंगे। आज सरकार का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है, लेकिन बहनों को फूटी कौड़ी तक नहीं मिली। अब फिर से मंचों पर हाथ खड़े करवा कर कहा जा रहा है कि जिसको 1500 चाहिए वह हाथ उठाए, फॉर्म भरे। यह हिमाचल की बहनों के साथ एक भद्दा और शर्मनाक मजाक है। डॉ. बिंदल ने पूछा कि 2022 में भरवाए गए लाखों फॉर्म आखिर किस रद्दी की टोकरी में डाल दिए गए? प्रदेश की जनता इसका जवाब चाहती है। हिमाचल दिवस पर छल और झूठ दुर्भाग्यपूर्ण, भाजपा करेगी कड़ी निंदा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल दिवस जैसे गौरवशाली दिन की पूर्व संध्या पर इस प्रकार की घोषणाएं करना कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हर दिन नई घोषणा कर बेरोजगार युवाओं को ठग रही है और माताओं-बहनों का अपमान कर रही है। यह प्रदेश की जनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस की इस नीति की कड़े शब्दों में निंदा करती है। डॉ. बिंदल ने कहा कि आज का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण है जब हिमाचल प्रदेश को वर्ष 1971 में पूर्ण राज्य का

( -शेष पृष्ठ दो पर- )

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने पूर्ण राज्यत्व दिवस पर प्रागपुर में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

### कहा-इस माह होगा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के पेंशनभोगियों के बकाया का भुगतान



जागो वर्ल्ड

**कांगड़ा।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने रविवार को कांगड़ा जिले के प्रागपुर में आयोजित 56वें पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के दौरान हिमाचल प्रदेश के लोगों को शुभकामनाएं दीं। यह प्रागपुर में आयोजित पहला समारोह था। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड टुकड़ियों से सलामी ली। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आईपीएस अधिकारी तरुणा ने किया। परेड में आईआरबीएन जंगलबैरी, आईआरबीएन सकोह, आईआरबीएन पंडोह, पुलिस जिला नूरपुर, होमगार्ड महिला बटालियन धर्मशाला, होमगार्ड पुरुष और महिला बटालियन धर्मशाला, एसडीआरएफ पंडोह, धर्मशाला ट्रैफिक पुलिस, वन मित्र, एनसीसी राजकीय महाविद्यालय ढलियारा, स्काउट्स एंड गाइड्स और अन्य इकाइयों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को बधाई देते हुए राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने में पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और हिमाचल प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार के अमूल्य योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने किसानों और बागवानों की भागीदारी सुनिश्चित करने और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए राज्य में एक कृषि और बागवानी आयोग के गठन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस आयोग के गठन के लिए आगामी विधानसभा बजट सत्र में एक विधेयक पेश करेगी। उन्होंने जसवां विधानसभा क्षेत्र के प्रागपुर में एसडीएम कार्यालय और नल्सूहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा

( -शेष पृष्ठ दो पर- )

## सिरमौर में सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर घायल

जागो वर्ल्ड

**सिरमौर।** उपमंडल शिलाई के रोनहाट के समीप तालों खड्ड के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए पांवटा साहिब और पीजीआई रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक कार नंबर एचपी 85-0428 अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जा गिरी। दुर्घटना में कुलदीप सिंह (18 वर्ष), पुत्र जीत सिंह, निवासी गांव शरोग, डॉ. कांडो भटनोल, तहसील शिलाई, जिला सिरमौर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे में रघुबीर सिंह (21 वर्ष), पुत्र संतराम, निवासी गांव झकांडों, तहसील शिलाई और प्रकाश सिंह (17 वर्ष), पुत्र सायबू राम, निवासी गांव मुंडियाड, तहसील शिलाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए शिलाई अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। शिलाई अस्पताल के प्रभारी डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं गंभीर रूप घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

## तेजस्वी की ताजपोशी पर बहन रोहिणी का वार, बोलीं-कठपुतली का राज्याभिषेक



जागो वर्ल्ड

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल की बैठक में लालू प्रसाद यादव द्वारा तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद परिवार के अंदरूनी मतभेद एक बार फिर खुलकर सामने आ गए हैं। तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य ने इस नियुक्ति पर बेहद तीखा हमला बोला है। गौर करने वाली बात यह है कि यह फैसला उन पारिवारिक विवादों के महीनों बाद आया है, जिसने बिहार के इस सबसे ताकतवर राजनीतिक परिवार की दरारों को जगजाहिर कर दिया था। तेजस्वी की नियुक्ति की खबर सार्वजनिक होने के कुछ ही देर बाद रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट साझा की। उन्होंने अपने भाई का नाम लिए बिना इसे एक राजकुमार से कठपुतली बने व्यक्ति का राज्याभिषेक करार दिया। रोहिणी के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। रोहिणी ने अपनी पोस्ट में तेजस्वी के आसपास रहने वाले करीबियों पर भी निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि राजनीति के शिखर पर, एक शानदार पारी का ग्रैंड फिनाले... चापलूसों और 'घुसपैठियों के गिरोह' को उस राजकुमार के राज्याभिषेक पर बधाई, जिसे उन्होंने कठपुतली बना दिया है।







## पृष्ठ एक के शेष...

**गणतंत्र दिवस पर एक...**

होगा, जहां शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क या सस्ती हों। महंगाई पर नियंत्रण और आम आदमी की क्रयशक्ति बढ़ाना सरकार और समाज-दोनों की साझा जिम्मेदारी है। सबसे अहम है देश में अमन, चैन और शांति का माहौल। जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर एकता और भाईचारे को मजबूत करना ही गणतंत्र की सच्ची भावना है। गणतंत्र दिवस पर मेरी यही कामना है कि 2026 का भारत केवल आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि सामाजिक, नैतिक और लोकतांत्रिक रूप से भी सशक्त हो—जहां हर नागरिक को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षित भविष्य मिले। यही एक पत्रकार की सोच है, यही आधुनिक भारत का सपना।

**कांग्रेस ने हिमाचल की ...**

दर्जा प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने कृषि, बागवानी, पशुपालन, इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में निरंतर विकास किया है और प्रदेश में अपार संभावनाएं विद्यमान हैं। उन्होंने पुनः समस्त प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज मतदाता दिवस भी है। लोकतंत्र का आधार मतदाता है और मताधिकार का उपयोग राष्ट्रहित में, सोच-समझकर और राष्ट्रवादी विचारधारा वाली पार्टियों के लिए करना आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से 18 वर्ष से ऊपर के नव मतदाताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश को पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विषयों के प्रचार और सामाजिक सामूहिकता के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम करोड़ों लोगों को एक सूत्र में जोड़ने का माध्यम बन चुका है। डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का पावन पर्व है। उन्होंने प्रदेशवासियों एवं देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प दोहराया।

**मुख्यमंत्री सुक्खू ने पूर्ण ...**

कि जब कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभाली तो पूर्व सरकार ने कर्मचारियों के वेतन और पेंशन बकाया के रूप में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की देनदारियां छोड़ी थीं। वर्तमान में यह राशि 8,555 करोड़ रुपये है। कठिन वित्तीय हालात के बावजूद उन्होंने जनवरी माह में 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों की लंबित पेंशन और पारिवारिक पेंशन बकाया का पूरा भुगतान करने की घोषणा की। इसके लिए 90 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, जो 1 जनवरी, 2016 और 31 दिसंबर, 2021 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं, उनका पेंशन और अन्य लाभ में संशोधन के कारण ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट का एरियर बना है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि ग्रेच्युटी के बकाए के अतिरिक्त 50 प्रतिशत और लीव एनकैशमेंट के बकाए के 70 प्रतिशत का भुगतान उन्हें जनवरी माह में किया जाएगा। राज्य सरकार के इस देनदारी पर 96 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस अवसर के जरिए 55 वर्षों की उपलब्धियों का आकलन करने और आने वाले वर्षों में राज्य को किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, इस पर विचार करने का मौका मिला है। इस जिम्मेदारी और विजन के साथ, राज्य सरकार 'समृद्ध हिमाचल विजन' नाम का एक दस्तावेज तैयार कर रही है जो अब अपने अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि यह विजन दस्तावेज राज्य के लोगों, विशेषज्ञों, प्रशासन और संस्थानों के साथ बड़े पैमाने पर संवाद करके तैयार किया जा रहा है। दस्तावेज का मसौदा बनाते समय हिमाचल प्रदेश के पर्यावरण, मेहनती लोगों की आकांक्षाओं और समृद्ध सामाजिक परंपराओं का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य ऐसी विकासात्मक योजना बनाना है जो पर्यावरण के अनुकूल, आपदा प्रतिरोधी और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चले। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह विजन एक साझा रोडमैप के तौर पर कार्य करेगा, जो विकास और जिम्मेदारी, प्रगति और पर्यावरण संरक्षण, आकांक्षाओं और वास्तविकता के बीच संतुलन बनाए रखेगा ताकि हिमाचल प्रदेश अपनी अलग पहचान को बनाए रखते हुए लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सके। ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार को राजस्व घाटा अनुदान के रूप में 46,862 करोड़ रुपये मिले थे जबकि मौजूदा सरकार को अब तक सिर्फ 18,903 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि अगर कुल केंद्रीय हस्तांतरण को ध्यान में रखा जाए, तो भाजपा सरकार के दौरान यह राशि 1,16,000 करोड़ रुपये थी जबकि मौजूदा सरकार को आज तक सिर्फ 70,191 करोड़ रुपये मिले हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी मुआवजे के तहत भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान 12,861 करोड़ रुपये दिए गए जबकि हमारी सरकार के कार्यकाल में यह मुआवजा राशि बंद कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15वें वित्त आयोग के कार्यकाल के दौरान पूर्व भाजपा सरकार को वर्ष 2020-21 और 2021-22 में कोविड अवधि के दौरान अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति दी गई थी। हालांकि, पुरानी पेंशन योजना बहाल करने के कारण वर्तमान सरकार को 1,700 करोड़ रुपये के अतिरिक्त ऋण लेने की सुविधा पर रोक लगा दी गई है। प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों को बढ़ाकर और गैर-जरूरी खर्चों में कटौती करके वित्तीय स्थिति को और बेहतर करने का काम किया है। राज्य का अपना राजस्व, जो पूर्व सरकार के पांच साल के कार्यकाल में 55,000 करोड़ रुपये था, वह मौजूदा सरकार के सिर्फ तीन वर्षों में 49,500 करोड़ रुपये पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि आज हमें अपने पैरों पर खड़ा होना है और इसके लिए कड़े फैसले लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में 'व्यवस्था परिवर्तन' के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया है। प्रदेश सरकार संसाधनों की लूट की इजाजत नहीं देगी जबकि पूर्व सरकार ने राज्य के हितों से समझौता किया था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल और कड़छम-वांगतू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े कानूनी मामलों में जीत हासिल की है। प्रदेश सरकार पड़ोसी राज्यों से बीबीएमबी का बकाया वसूलने और चंबा जिले में बैरा सियूल हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट और मंडी जिले में शानन परियोजना को पंजाब सरकार से वापस लेने के लिए मजबूती से कानूनी लड़ाई लड़ रही है।

## अयोध्या में हड़कंप! 26 जनवरी के दिन राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस ने संदिग्ध को दबोचा



एजेंसी

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी से पहले अयोध्या स्थित राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह धमकी डायल 112 पर कॉल कर दी गई, जिसके बाद पुलिस तुरंत अलर्ट मोड में आ गई। तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने धमकी देने वाले संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, हिरासत में लिया गया युवक उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला है। सूत्रों का कहना है कि युवक की मानसिक स्थिति असंतुलित बताई जा रही है, हालांकि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, 24 जनवरी की रात करीब 10:30 बजे डायल 112 पर एक कॉल आई, जिसमें कॉलर ने राम मंदिर में बम धमाके की आशंका जताई। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। पुलिस ने कॉलर के मोबाइल नंबर को ट्रैक किया और कुछ ही समय में युवक को पकड़ लिया। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई। फिलहाल अयोध्या पुलिस और खुफिया विभाग के अधिकारी युवक से गहन पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या युवक वाकई मानसिक रूप से अस्वस्थ है या इसके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना है। सुरक्षा एजेंसियां किसी भी तरह की चूक नहीं करना चाहतीं, इसलिए हर पहलू की जांच की जा रही है। अयोध्या पुलिस ने मामले को लेकर आधिकारिक पत्र जारी किया है। अयोध्या कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दिनांक 24 जनवरी 2026 की रात डायल 112 पर कॉल कर राम मंदिर में ब्लास्ट होने की सूचना दी गई थी। कॉल करने वाले की पहचान रामकरन पुत्र मुन्नालाल, निवासी मल्हान पुरवा दुल्हापुर, थाना नवाबगंज, जनपद गोंडा के रूप में हुई है। कॉलर को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया संदिग्ध मंदबुद्धि प्रतीत हो रहा है। गौरतलब है कि 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) को लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। खासकर धार्मिक स्थल, भीड़भाड़ वाले इलाके, पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पुलिस तत्काल कार्रवाई कर रही है, ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। फिलहाल राम मंदिर परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

## आतंकी धमकी के बाद बिहार और प. बंगाल के NTPC संयंत्रों में हाई अलर्ट



एजेंसी

**भागलपुर।** आतंकी संगठनों की संभावित धमकी को देखते हुये बिहार और पश्चिम बंगाल में स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के तीन प्रमुख बिजली संयंत्रों की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर कहलगांव, बाढ़ और फरक्का बिजली संयंत्रों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) चौबीसो घंटे सतर्कता बरत रहा है। मुख्य कार्यस्थल, कोयला हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी), बॉयलर एरिया, टरबाइन सेक्शन, स्विच यार्ड समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बलों की गश्ती बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही सादे लिबास में भी जवान तैनात किये गये हैं। संयंत्रों के मुख्य प्रवेश द्वार समेत सभी गेटों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिये आने- जाने वाले लोगों और वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इसके अलावा अन्य राज्यों से आये संविदा मजदूरों की गतिविधियों पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। सूत्रों ने बताया है कि बिजली संयंत्रों से सटे आसपास के गांवों के संवेदनशील इलाकों में स्थानीय पुलिस के सहयोग से निगरानी बढ़ा दी गई है। वहीं एनटीपीसी के आवासीय परिसरों में तैनात सुरक्षा प्रहरियों को भी पूरी तरह सतर्क कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बांग्लादेश और नेपाल की सीमाओं के निकट स्थित होने के कारण फरक्का और कहलगांव बिजली संयंत्र सामरिक दृष्टि से अति संवेदनशील माने जाते हैं। बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों की आशंकाओं के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय इन संयंत्रों की सुरक्षा को लेकर लगातार नजर बनाए हुए है।

## कनाडा फिर ट्रंप के निशाने पर, 100 प्रतिशत टैरिफ की दी धमकी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति चर्चा में है। इस बार निशाने पर है अमेरिका का करीबी सहयोगी कनाडा। ट्रंप ने साफ चेतावनी दी है कि अगर कनाडा चीन के साथ कोई भी व्यापारिक समझौता करता है, तो अमेरिका कनाडा से आने वाले सभी उत्पादों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगा देगा। शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा कि कनाडा यह गलतफहमी न पाले कि वह चीन के सामान को अमेरिका भेजने का रास्ता बन सकता है। उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का नाम लेते हुए कहा कि अमेरिका अपने हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। ट्रंप ने अपने बयान में चीन पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चीन कनाडा के व्यापार, समाज और जीवनशैली को नुकसान पहुंचा सकता है। इसी के साथ उन्होंने दोहराया कि चीन के साथ किसी भी तरह की डील होने पर अमेरिका तुरंत सख्त आर्थिक कदम उठाएगा। यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने टैरिफ को हथियार बनाकर किसी देश पर दबाव बनाने की कोशिश की हो। अपने हालिया बयानों में वे कई बार कह चुके हैं कि जो देश अमेरिकी हितों के खिलाफ कदम उठाएंगे, उन्हें भारी आर्थिक कीमत चुकानी पड़ेगी। ट्रंप के इस बयान से अमेरिका-कनाडा रिश्तों में तनाव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। साथ ही विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की धमकियां वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता और अस्थिरता को और बढ़ा सकती हैं।

## कल एफटीए वार्ता के समापन की घोषणा करेंगे भारत और यूरोपीय संघ



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) 27 जनवरी को मुक्त व्यापार समझौते से जुड़ी वार्ता को पूरा करने और इसे अंतिम रूप देने की घोषणा करने वाले हैं। यह समझौता ऐस समय में किया जा रहा है, जब अमेरिका के टैरिफ के कारण वैश्विक में बाधाएं आई हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। करीब 18 साल बाद इस समझौते पर बातचीत अंतिम चरण में पहुंची है। इस पर बातचीत की शुरुआत साल 2007 में हुई ती। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस एफटीए को अब तक देश की ओर से किया गया सबसे बड़ा समझौता करार दिया है। अधिकारी ने कहा, इस समझौते पर बातचीत पूरी होने की घोषणा दिल्ली में भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में की जाएगी। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन 24 जनवरी यानी शनिवार को चार दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचीं। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिखर वार्ता करेंगे। भारत और 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ के बीच इस हफ्ते एफटीए वार्ता समाप्त होने की घोषणा की जाएगी। लेकिन कानूनी जांच के बाद किसी आपसी सहमति वाली तारीख पर इस पर हस्ताक्षर कर किया जाएगा। इस समझौते के लागू होने में समय लग सकता है, लेकिन इसके लिए यूरोपीय संसद की मंजूरी जरूरी होगी। भारत में इसके लिए केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी की जरूरत होती है। इस तरह के समझौतों में दोनों पक्ष आपस में जिन सामानों का व्यापार करते हैं, उनमें आयात शुल्क (टैरिफ) 90 फीसदी से कम करते हैं या खत्म कर देते हैं। श्रम आधारित क्षेत्रों के उत्पादों (जैसे कपड़ा और जूते-चप्पल) पर समझौता लागू होते ही पहले दिन से टैरिफ खत्म कर दिया जाता है। कुछ अन्य वस्तुओं पर टैरिफ पांच, सात या 10 साल में चरणबद्ध तरीके से घटाया या खत्म किया जाता है। इसके अलावा, शराब और ऑटोमोबाइल जैसे कुछ क्षेत्रों के लिए कोटा आधारित बाजार पहुंच दी जाती है, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ हुए समझौतों में है। वहीं, छोटे और सीमांत किसानों की सुरक्षा के लिए कुछ कृषि उत्पादों जैसे संवेदनशील वस्तुओं पर टैरिफ में कोई कटौती नहीं की जाती।

## गाजा में इजराइली सेना की बड़ी कार्रवाई, 4 किमी लंबी आतंकी सुरंग की तबाह

**नई दिल्ली।** इजराइली सेना ने गाजा पट्टी में आतंकवाद विरोधी अभियानों का ब्योरा जारी किया है। IDF ने चार किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग नष्ट की, रॉकेट लॉन्चर और हथियार बरामद किए। सेना ने कहा कि युद्धविराम के तहत तैनाती जारी है और किसी भी खतरे से निपटा जाएगा। इजराइली सेना ने बताया है कि बीते एक सप्ताह में गाजा पट्टी में आतंकवाद के खिलाफ कई बड़ी कार्रवाइयाँ की गईं। इन अभियानों में IDF की 7वीं बख्तरबंद ब्रिगेड ने अहम भूमिका निभाई। सेना के अनुसार, दक्षिणी गाजा में लगभग 4 किलोमीटर लंबी एक भूमिगत सुरंग को नष्ट किया गया। इस सुरंग में हथियार, सोने के कमरे और अन्य सैन्य ठिकाने पाए गए। यह कार्रवाई विशेष लड़ाकू इंजीनियर इकाई के सहयोग से पूरी की गई। पिछले सप्ताह हुई मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गए थे। इसके बाद इलाके की तलाशी में विस्फोटक, कारतूस और बम बनाने से जुड़ा एक निर्देश पुस्तिका भी बरामद की गई। इसके अलावा, सेना ने पांच निष्क्रिय रॉकेट लॉन्चर और कई अन्य हथियार भी खोजे। ढ्ढष्टस्न ने इन सभी ठिकानों को सुरक्षा के लिहाज से नष्ट कर दिया। इजराइली सेना ने कहा कि वह युद्धविराम समझौते के तहत दक्षिणी कमान क्षेत्र में तैनात है और किसी भी तत्काल खतरे को खत्म करने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रखेगी।

## ऊना में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

जागो वर्ल्ड

**ऊना।** ऊना में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के तकनीकी शिक्षा और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि होंगे। वे 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसे लेकर संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक तकनीकी शिक्षा मंत्री ऊना में जबकि स्वास्थ्य मंत्री अब ऊना की बजाय सोलन में जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, उपायुक्त जतिन लाल ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को सुव्यवस्थित और गरिमामय बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री 26 जनवरी को प्रातः 10:45 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे प्रातः 11 बजे छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। ध्वज फहराने के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे, मार्च-पास्ट की सलामी ग्रहण करेंगे तथा जिला वासियों को संबोधित करेंगे। समारोह की परेड में पुलिस और होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ-साथ एनसीसी व एनएसएस के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों तथा नाट्य दलों द्वारा देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि मौसम की प्रतिकूलता पर कार्यक्रम के लिए टाउन हॉल में वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जतिन लाल ने कहा कि समारोह में प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सर्वश्रेष्ठ झांकी, सर्वश्रेष्ठ स्टॉल और सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वालों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिले से संबंधित स्वतंत्रता सेनानियों तथा वीरता पुरस्कारों से अलंकृत सेना के जांबाजों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। जतिन लाल ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समारोह स्थल पर ईट राइट मेले की तर्ज पर स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

## यूपी की राजनीति में आया भूचाल, नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने दिया कांग्रेस से इस्तीफा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से ठीक पहले कांग्रेस पार्टी को एक और करारा झटका लगा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस की प्राथमिक



सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। कभी बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में मायावती के बाद नंबर दो माने जाने वाले सिद्दीकी के इस कदम ने कांग्रेस के लिए पश्चिमी यूपी में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अपना त्यागपत्र कांग्रेस आलाकमान को भेज दिया है। सूत्रों की मानें तो पार्टी के भीतर अपनी उपेक्षा और चुनावी रणनीतियों में शामिल न किए जाने से वह लंबे समय से नाराज चल रहे थे। कांग्रेस में वह मीडिया विभाग के चेयरमैन जैसे अहम पदों पर भी रह चुके हैं, लेकिन पिछले कुछ समय से वह सांगठनिक गतिविधियों से कटे-कटे नजर आ रहे थे।

## लोकतंत्र को जिंदा रखता है मतदान: गंधर्वा राठौड़

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने की मताधिकार के प्रयोग की अपील

जागो वर्ल्ड

**हमीरपुर।** 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस रविवार को हमीरपुर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बचत भवन में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गंधर्वा राठौड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा दीप प्रज्जवलन के साथ समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी जिलावासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए गंधर्वा राठौड़ ने कहा कि भारत ने बहुत लंबे संघर्ष के बाद आजादी हासिल की थी और उसके बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया था तथा सभी वयस्क नागरिकों को मतदान का अधिकार दिया था। यही अधिकार हमारे लोकतंत्र को जिंदा रखता है। इसलिए, हर मतदाता को मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना




दिवस 25 जनवरी को प्रतिवर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आम मतदाताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरुक करना तथा लोकतंत्र में आम जन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्र एवं निर्भय होकर मतदान प्रक्रिया में भाग लेने की शपथ दिलाई तथा नए मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए। उन्होंने मेरा युवा भारत केंद्र की मतदाता जागरुकता पदयात्रा को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले, निर्वाचन विभाग के नायब तहसीलदार किशोरी लाल ठाकुर ने मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों और बड़ी संख्या में उपस्थित नए युवा मतदाताओं का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया और इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से उठाए गए नए कदमों की जानकारी भी दी। समारोह के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का संदेश भी प्रसारित किया तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर, बीडीओ तान्या कश्यप और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ स्टील प्लांट में हादसा, बिहार के 6 मजदूरों की मौत


एजेंसी

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बालोदाबाजार जिले में एक स्टील प्लांट में हुए भीषण औद्योगिक हादसे ने बिहार के गया जिले के 6 मजदूरों की जिंदगी छीन ली। कोयले की भट्टी में हुए जोरदार धमाके में बिहार के छह मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे पर शोक जताया है। साथ ही मृतकों को दो-दो लाख रुपये तथा हादसे में घायल बिहार के मजदूरों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने का ऐलान किया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने छत्तीसगढ़ के ग्राम बकुलाही स्थित रियल इस्पात एंड स्टील संयंत्र में हुए ब्लास्ट हादसे को अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने हादसे में मारे गए बिहार के मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा हादसे में घायल बिहार के मजदूरों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी शोक संवेदना भी व्यक्त की है। बताया जा रहा है कि अचानक कोयले की भट्टी से घना धुआं निकलने लगा, जिसके बाद वहां मौजूद अधिकारियों ने मजदूरों को बाहर निकलने का निर्देश दिया। हालांकि, सभी मजदूरों के सुरक्षित बाहर निकलने से पहले ही भट्टी में जोरदार धमाका हो गया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि पूरे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। बालोदाबाजार की पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने बताया कि हादसे के बाद कुल 11 मजदूरों को बाहर निकाला गया, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई। बाकी घायल मजदूरों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में अधिकांश बिहार और झारखंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन मृतकों व घायलों के परिजनों से लगातार संपर्क में हैं। पुलिस ने बताया कि औद्योगिक हादसे के कारणों की गहन जांच की जा रही है। फॉरेंसिक और तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि भट्टी में धमाका किन परिस्थितियों में हुआ। फिलहाल स्टील प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था भी जांच के दायरे में है।

# गणतंत्र दिवस


गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498

WWW.danik jagoworld.com



भारत भूषण, जिला ब्यूरो चीफ,ऊना | जोगिंदर देव आर्य, सहयोगी कुटलैहड़ | अशोक चौधरी सहयोगी, हरोली/टाहलीवाल | जितेन्द्र कुमार, सहयोगी कुटलैहड़ बुधान | रिंकू भारद्वाज, कुटलैहड़ | संजीव डोगरा, रिपोर्ट दौलतपुर | स्पर्श शर्मा, अम्ब | दिनेश गौतम, संवाददाता टाहलीवाल

**देशभक्ति के रंग में रंगा यह पावन दिन,
हर दिल में जगाए नया स्वाभिमान।
आपको और आपके परिवार को
77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**



ज्योति स्याल, जिला ऊना ब्यूरो | अंजू सैनी, सहयोगी, संतोषगढ़ | शिवानी ठाकुर, स्टाफ रिपोर्टर | निकिता शर्मा, स्टाफ रिपोर्टर | सिमरन, स्टाफ रिपोर्टर | राजकुमारी, स्टाफ रिपोर्टर | हर्षदीप सिंह, स्टाफ रिपोर्टर | विनोद शर्मा, लठियानी | तेज पाल तेजू, संवाददाता मेहतपुर | अंशुल ठाकुर, मुबारकपुर




जतिन लाल, उपायुक्त ऊना | महेंद्र पाल गुर्जर, एडीसी ऊना | अमित यादव, एसपी ऊना | संजीव भाटिया, एएसपी,ऊना | सुरिंदर शर्मा, एएसपी ऊना | सोमिल गौतम, एसडीएम, गगरेट | सोनू गोयल, एसडीएम बंगाणा | अभिषेक मित्तल, एसडीएम ऊना | राजीव ठाकुर, एसडीएम हरोली | पारस अग्रवाल, एसडीएम अबं | अजय ठाकुर, डीसीपी ऊना | वसुधा सूद, डीएसपी अंब | मोहन लाल रावत, डीएसपी हरोली | गौरव भारद्वाज, एसएचओ ऊना सदर | रूप सिंह, एस एच ओ,अबं | रमेश कुमार, एसएचओ, गगरेट | रोहित कुमार, बंगाणा | अनिल संख्यान, एसएचओ हरोली | कुलदीप धीमान, सिटी चौकी इंचार्ज





















Editor .printer and publisher pankaj kumar on behalf , Kji mieda network una Himachal 174303 from publish M/S Danik bhaskar Crop.LTD.,malikpur.sirhind ,distt.,Fatehgarh Sahib, punjab and publish from jago times ,first flour saini market near joshi medical store old hoshiyarpur road teh.and distt.UNA दैनिक जागो वर्ल्ड से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र ऊना में ही होगा फोन नंबर 97362-23261,82610-88888 www.danik jagoworld. com

# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498



सुशील राणा डीएफओ ऊना | संदीप कुमार वन विभाग आर ओ रामगढ़ | पूर्ण सिंह वन विभाग आर ओ भरवाई | अंकुश सिंह वन विभाग आर ओ ऊना | राहुल ठाकुर वन विभाग आर ओ अम्ब | शशि बाला वन विभाग बी ओ मैहतपुर | अरविंद किशोर वन विभाग बीओ ज्वार | संजीव ठाकुर वन अधिकारी रामगढ़ धार बंगाणा | शक्ति सिंह वन विभाग, बी ओ पंडोगा | सुनील कुमार वन विभाग, बी ओ गग्रेट






























# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदातायों का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498
W WW.danik jago world.in



सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री हि० प्र० | मुकेश अग्निहोत्री उपमुख्यमंत्री हि० प्र० | कुलदीप सिंह पठानिया विधानसभा अध्यक्ष | विनय कुमार विधानसभा उपाध्यक्ष | धनीराम शाण्डिल कैबिनेट मंत्री | चन्द्र कुमार कैबिनेट मंत्री | हर्षवर्धन चौहान कैबिनेट मंत्री | जगत सिंह नेगी कैबिनेट मंत्री | रोहित ठाकुर कैबिनेट मंत्री | अनिरुद्ध सिंह कैबिनेट मंत्री | विक्रमादित्य सिंह कैबिनेट मंत्री | प्रतिभा सिंह कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष | अनुराग ठाकुर लोकसभा सांसद हमीरपुर | सुरेश कश्यप लोकसभा सांसद शिमला | राजीवभारद्वाज़ लोकसभा सांसद कांगड़ा | कंगना राणौत लोकसभा सांसद मंडी | राजीव बिंदल बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष | जयराम ठाकुर नेता प्रतिपक्ष | सतपाल सिंह सत्ती बीजेपी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष






















6
26 जनवरी 2026
दैनिक जागो वर्ल्ड
सजग सटीक निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक
WWW.dainikjagoworld.in

# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498



सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री हि० प्र० | मुकेश अग्निहोत्री उपमुख्यमंत्री हि० प्र० | कुलदीप सिंह पठानिया विधानसभा अध्यक्ष | विनय कुमार विधानसभा उपाध्यक्ष | धनीराम शाण्डिल कैबिनेट मंत्री | चन्द्र कुमार कैबिनेट मंत्री | हर्षवर्धन चौहान कैबिनेट मंत्री | जगत सिंह नेगी कैबिनेट मंत्री | रोहित ठाकुर कैबिनेट मंत्री | अनिरुद्ध सिंह कैबिनेट मंत्री | विक्रमादित्य सिंह कैबिनेट मंत्री | प्रतिभा सिंह कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष | अनुराग ठाकुर लोकसभा सांसद हमीरपुर | सुरेश कश्यप लोकसभा सासंद शिमला | राजीवभारद्वाज लोकसभा सांसद कांगड़ा | कंगना राणौत लोकसभा सासंद मंडी | राजीव बिंदल बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष | जयराम ठाकुर नेता प्रतिपक्ष | सतपाल सिंह सत्ती बीजेपी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष
























26 जनवरी 2026

दैनिक जागो वर्ल्ड

सजग सटीक निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक


# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498



| सुखविंदर सिंह सुक्खू | मुकेश अग्निहोत्री | कुलदीप सिंह पठानिया | विनय कुमार | धनीराम शाण्डिल | चन्द्र कुमार | हर्षवर्धन चौहान | जगत सिंह नेगी | रोहित ठाकुर | अनिरुद्ध सिंह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुख्यमंत्री हि० प्र० | उपमुख्यमंत्री हि० प्र० | विधानसभा अध्यक्ष | विधानसभा उपाध्यक्ष | कैबिनेट मंत्री | कैबिनेट मंत्री | कैबिनेट मंत्री | कैबिनेट मंत्री | कैबिनेट मंत्री | कैबिनेट मंत्री |

| विक्रमादित्य सिंह | प्रतिभा सिंह | अनुराग ठाकुर | सुरेश कश्यप | राजीवभारद्वाज़ | कंगना राणौत | राजीव बिंदल | जयराम ठाकुर | सतपाल सिंह सत्ती |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कैबिनेट मंत्री | कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष | लोकसभा सांसद हमीरपुर | लोकसभा सांसद शिमला | लोकसभा सांसद कांगड़ा | लोकसभा सांसद मंडी | बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष | नेता प्रतिपक्ष | बीजेपी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष |






















# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498



अंशुल धीमान डिप्टी ड्रेक्टर उद्योग विभाग ऊना | नीरज कांत माईनिंग अधिकारी | प्रवीण कुमार एसडीओ,प्रदूषण विभाग ऊना | बलदेव सिंह पीडब्लूयुडी एक्सईन ऊना ,हरोली | एच. जी. कौशल पीडब्लूयुडी एक्सईन गग्रेट | दिनकर शर्मा पीडब्लूयुडी एक्सईन भरवाई, ऊना | विवेक शर्मा डिप्टी ड्रेक्टरमत्स्य विभाग ऊना | तेज पाल तेजू समाज सेवी ऊना | बीडीसी वाईस चेयरमैन अम्ब | सतीश शर्मा जिला परिषद सदस्य | सुमेश शर्मा एस.एस.आर.वी.एम स्कूल उना | अनुज वशिष्ठ वशिष्ठ पब्लिक स्कूल ऊना बहडाला | सुनील चौधरी जे.एस विस्डम स्कूल ऊना | धीरज शर्मा ऊना स्कॉलर यूनिफाइड ऊना | जगदीश राम समाजसेवी




























# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498
WWW.danik jago world.in



डॉ० संजीव वर्मा सिएमओ ऊना | डॉ ० सुखदीप सिंह एम ओ ऊना | डॉ ० संजय मनकोटिया एम एस हरोली | राजीव गर्ग बी एम ओ अम्ब | डॉ विकास चौहान ऊना | डॉ पंकज पराशर बि एम ओ गग्रेट | डॉ रामपाल बि एम ओ बसदेहड़ा | डॉ रुपिंदर शर्मा | डॉ राहुल कतना | डॉ संदीप कुमार | डॉ श्रुति शर्मा | डॉ आरुषी शर्मा | डॉ विवेक शारदा | डॉ अंकिता डडवाल | डॉ सुजाता | डॉ हरप्रीत कौर | भूपिंदर सिंह ,डाक विभाग ,अधीषक जिला ऊना | सचिन संगर डीपीआरो,ऊना






















# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498



सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री हि० प्र० | मुकेश अग्निहोत्री उपमुख्यमंत्री हि० प्र० | कुलदीप सिंह पठानिया विधानसभा अध्यक्ष | विनय कुमार विधानसभा उपाध्यक्ष | धनीराम शाण्डिल कैबिनेट मंत्री | चन्द्र कुमार कैबिनेट मंत्री | हर्षवर्धन चौहान कैबिनेट मंत्री | जगत सिंह नेगी कैबिनेट मंत्री | रोहित ठाकुर कैबिनेट मंत्री | अनिरुद्ध सिंह कैबिनेट मंत्री | विक्रमादित्य सिंह कैबिनेट मंत्री | प्रतिभा सिंह कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष | अनुराग ठाकुर लोकसभा सांसद हमीरपुर | सुरेश कश्यप लोकसभा सांसद शिमला | राजीवभारद्वाज लोकसभा सांसद कांगड़ा | कंगना राणौत लोकसभा सांसद मंडी | राजीव बिंदल बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष | जयराम ठाकुर नेता प्रतिपक्ष | सतपाल सिंह सत्ती बीजेपी पूर्व प्रदेशाध्यक्ष






























26 जनवरी 2026
दैनिक जागो वर्ल्ड
सजग सटीक निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक

# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498



अंशुल धीमान डिप्टी ड्रेक्टर उद्योग विभाग ऊना | नीरज कांत माईनिंग अधिकारी | प्रवीण कुमार एसडीओ,प्रदूषण विभाग ऊना | बलदेव सिंह पीडब्लूयुडी एक्सईन ऊना ,हरोली | एच. जी. कौशल पीडब्लूयुडी एक्सईन गग्रेट | दिनकर शर्मा पीडब्लूयुडी एक्सईन भरवाई, ऊना | विवेक शर्मा डिप्टी ड्रेक्टरमत्स्य विभाग ऊना | तेज पाल तेजू समाज सेवी ऊना | बीडीसी वाईस चेयरमैन अम्ब | सतीश शर्मा जिला परिषद सदस्य | संदीप पराशर क्रेबिंज स्कूल धुसाड़ा | पवन डडवाल यू एस ग्लोबल स्कूल ,सघनई | सुमेश शर्मा एस.एस.आर.वी.एम स्कूल उना | अनुज वशिष्ठ वशिष्ठ पब्लिक स्कूल ऊना बहडाला | सुनील चौधरी जे.एस विस्डम स्कूल ऊना | सुमित शर्मा रॉकफोर्ड स्कूल ऊना | धीरज शर्मा ऊना स्कॉलर यूनिफाइड ऊना | जगदीश राम समाजसेवी | विनोद आनंद रॉकफोर्ड स्कूल ऊना





















26 जनवरी 2026
दैनिक जागो वर्ल्ड
सजग सटीक निर्भीक जागृति व सच का प्रतीक

# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदातायों का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498

W WW.danik jago world.in



नरेश धीमान, एसई जलशक्ति विभाग ऊना | शशि कांत, एक्सईन जलशक्ति विभाग ऊना | होशियार सिंह, एक्सईन जलशक्ति विभाग अम्ब | हर पजन सिंह, एक्सईन जलशक्ति विभाग बंगाणा | पुनीत शर्मा, एक्सईन जलशक्ति विभाग हरोली | पंकज कुमार, एक्सईन जलशक्ति विभाग गग्रेट | आशीष चौधरी, एसडीओ जलशक्ति विभाग हरोली | भुवनेश कुमार, एसडीओ ग्राउंड वाटर जल शक्ति विभाग ऊना | यशवंत सिंह, एसडीओ जलशक्ति विभाग मैहतपुर | नीरज धीमान, एसडीओ जलशक्ति विभागअम्ब | रजत ठाकुर, एसडीओ जलशक्ति विभाग गग्रेट | रवि कुमार एस डी ओ, एसडीओ जलशक्ति विभाग ऊना | शेरू राम चौहान, एसडीओ जलशक्ति विभाग ऊना | परमजीत सिंह, जेई जलशक्ति विभाग दौलतपुर | कुलदीप पठानिया, जेई जलशक्ति विभाग गग्रेट | अश्वनी धीमान, जेई जलशक्ति विभाग कूठेड़ा,गग्रेट | मुनीष शर्मा, जेई जलशक्ति विभाग बसाल | अजय शर्मा, जेई जलशक्ति विभाग बंगाणा | विपन अत्री, जेई जलशक्ति विभाग लठियानी | अशोक कुमार, एस डी ओ बंगाणा | सुनील कुमार, जेई जलशक्ति विभाग जलग्रा






























# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 623[illegible]8-21498



डॉ० संजीव वर्मा सिएमओ ऊना | डॉ० सुखदीप सिंह एम ओ ऊना | डॉ० संजय मनकोटिया एम एस हरोली | राजीव गर्ग बी एम ओ अम्ब | डॉ विकास चौहान ऊना | डॉ पंकज पराशर बि एम ओ गग्रेट | डॉ रामपाल बि एम ओ बसदेहड़ा | डॉ रुपिंदर शर्मा | डॉ राहुल कतना | डॉ संदीप कुमार | डॉ श्रुति शर्मा | डॉ आरुषी शर्मा | डॉ विवेक शारदा | डॉ अंकिता डडवाल | डॉ सुजाता | डॉ हरप्रीत कौर | भूपिंदर सिंह ,डाक विभाग ,अधीषक जिला ऊना | सचिन संगर डीपीआरो,ऊना






























# गणतंत्र दिवस

गणतंत्र दिवस के महापर्व पर विज्ञापन देने पर सभी विज्ञापनदाताओं का बहुत बहुत आभार
मोबाइल नंबर : 62308-21498



ललित जोशी जिला संवाददाता नैनीताल | निशा देवी संवाददाता फ़तेहपुर | नाम गुरमुख सिंह संवाददाता इंदौरा | भूषण शर्मा वरिष्ठ संवाददाता नूरपुर | विनय गोस्वामी संवाददाता आणि सोलन | नवीन पाल सवांददाता जम्मू | राकेश कुमार धर्मशाला | भूपिंदर डडवाल संवादाता दौलतपुर | प्रेम सागर संवादाता सहज कुल्लू | पुनीत महाजन चंडीगढ़ | विपन साजन कुटलैहड़ | दिनेश कुमार घनारी गगरेट | अविनाश चौहान नेहरिया | राहुल शर्मा गुरदासपुर | नाजिम खान रुड़की | राजिंदर कुमार उत्तराखंड | अक्की कलिया चिंतपूर्णी | गोविन्द रावत उत्तराखंड | रणधीर सिंह मंदली

































# गणतंत्रि दवस समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री होंगे मुख्य अतिथि :- जतिन लाल

## 26 जनवरी को छात्र स्कूल ऊना में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट



ऊना में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के तकनीकी शिक्षा और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी मुख्य अतिथि होंगे। वे 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसे लेकर संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक तकनीकी शिक्षा मंत्री ऊना में जबकि स्वास्थ्य मंत्री अब ऊना की बजाय सोलन में जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।वहीं, उपायुक्त जतिन लाल ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को सुव्यवस्थित और गरिमामय बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने बताया कि तकनीकी शिक्षा मंत्री 26 जनवरी को प्रातः 10:45 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे प्रातः 11 बजे छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। ध्वज फहराने के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे, मार्च-पास्ट की सलामी ग्रहण करेंगे तथा जिला वासियों को संबोधित करेंगे। समारोह की परेड में पुलिस और होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ- साथ एनसीसी व एनएसएस के छात्र -छात्राएं भी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों तथा नाट्य दलों द्वारा देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि मौसम की प्रतिकूलता पर कार्यक्रम के लिए टाउन हॉल में वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।जतिन लाल ने कहा कि समारोह में प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकास योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इनमेंमुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना, राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे बोर्डिंग स्कूल सहित स्वास्थ्य, आयुष, कृषि, बागवानी, रेड क्रॉस, सामर्थ्य, पशुपालन तथा मत्स्य पालन विभाग से जुड़ी झांकियां शामिल होंगी। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सर्वश्रेष्ठ झांकी, सर्वश्रेष्ठ स्टॉल और सर्वश्रेष्ठ सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वालों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त जिले से संबंधित स्वतंत्रता सेनानियों तथा वीरता पुरस्कारों से अलंकृत सेना के जांबाजों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा जतिन लाल ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समारोह स्थल पर ईट राइट मेले की तर्ज पर स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों में सरकारी विभागों के साथ- साथ स्वयं सहायता समूह भी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा विभिन्न विभाग भी अपनी योजनाओं और उत्पादों के स्टॉल लगाएंगे। उपायुक्त ने जिला वासियों से बड़ी संख्या में समारोह में भाग लेकर इस राष्ट्रीय पर्व को सामूहिक उत्साह, गरिमा और उल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया है।

# डीसी ने आपदा मित्रों को भेंट की आपातकालीन प्रतिक्रिया किट

## गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होंगे प्रशिक्षित 'आपदा मित्र



जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना, जतिन लाल ने आज(शनिवार) को अपने चैम्बर में 50 प्रशिक्षित आपदा मित्रों को आपातकालीन प्रतिक्रिया किट भेंट की। साथ ही, उन्होंने प्रशिक्षित आपदा मित्रों को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।बता दें, इन 50 प्रशिक्षित आपदा मित्रों को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में शामिल गया है ताकि उन्हें भविष्य में आपदा प्रबंधन से जुड़ी सेवाओं के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और अधिक से अधिक स्वयं सेवकों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया जा सके।राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित आपदा मित्र/ युवा आपदा मित्र स्वयंसेवक योजना के तहत पूरे देश के 350 चयनित जिलों में आपदा मित्र स्वयंसेवकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश में आपदा प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करना तथा स्वयंसेवी संगठनों एवं युवाओं को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दक्ष बनाना है।

# ऊना भाजपा ओबीसी मोर्चा की सोशल मीडिया व आईटी सेल घोषित

जागो वर्ल्ड - अम्ब / स्पर्श शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के ऊना जिला ओबीसी मोर्चा ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए सोशल मीडिया और आईटी सेल की नई टीम की घोषणा कर दी है।जिला ऊना भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष मनोहर लाल चौधरी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से विचार- विमर्श के बाद इन नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया।घोषणा के अनुसार, आईटी सेल संयोजक की जिम्मेदारी संदीप देशवाल को सौंपी गई है जबकि वीरेंद्र सिंह संधोटा को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं, सोशल मीडिया संयोजक के रूप में अनिल कुमार चौधरी को जिम्मेदारीदी गई है और रमेश कुमार चौधरी (जाल सिंधी) को सह संयोजक बनाया गया है।मनोहर लाल चौधरी ने कहा कि सोशल मीडिया और आईटी सेल संगठन की रीढ़ हैं और इनके माध्यम से पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और जनक- ल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने नव- नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेंगे। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएंगी।

# देव भूमि फाउंडेशन की ओर से एक नई पहल, ऊना में लगा विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट




देव भूमि फाउंडेशन द्वारा समाज हित में एक सराहनीय पहल करते हुए ऊना में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आंखों की जांच के साथ- साथ ब्लड प्रेशर (BP) और शुगर (Sugar) की मुफ्त जांच की गई।शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। अनुभवी डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की टीम ने लोगों की आंखों की जांच की तथा आवश्यक परामर्श भी दिया। इसके अलावा BP और शुगर की जांच कर लोगों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जागरूक किया गया।देव भूमि फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और लोगों को समय रहते अपनी सेहत के प्रति





सजग करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए देव भूमि फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया और इसे समाज के लिए बेहद उपयोगी बताया।

## गणतंत्र दिवस पर विशेष संदेश



**हमारे भारत देश के गौरवशाली गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर मैं, जोगिंद्र देव आर्य, प्रदेश अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट, सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।गणतंत्र दिवस हमें हमारे लोकतंत्र की ताकत और संविधान में निहित अधिकारों व कर्तव्यों की याद दिलाता है। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है।पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले हम सभी का यह दायित्व बनता है कि हम सत्य और निष्पक्षता के मार्ग पर चलते हुए समाज को जागरूक करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। आइए, इस गणतंत्र दिवस पर हम सब मिलकर अपने कर्तव्यों का पालन करें और अपने देश को समृद्ध, सुरक्षित और न्यायपूर्ण बनाने में योगदान दें।**

जय हिन्द!
जोगिंद्र देव आर्य
प्रदेश अध्यक्ष,
हिमाचल प्रदेश यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट

# प्रधानमंत्री रोजगार मेले में रोहित ठाकुर को नियुक्ति पत्र मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर

जागो वर्ल्ड - तलमेहडा खड़ोह / रिंकू भारद्वाज



ऊना जिला की बंगाणा तहसील के अंतर्गत गांव कड़साई (डाकघर तनोह) के होनहार युवक रोहित ठाकुर, सुपुत्र सुदर्शन ठाकुर, ने UPSC CSI परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल बना हुआ है ।प्रधानमंत्री रोजगार मेले के अवसर पर श्री रोहित ठाकुर को नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार (DGCA), नई दिल्ली में केबिन सेफ्टी इंस्पेक्टर (Cabin Safety Inspector) पद के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। रोहित ठाकुर की इस सफलता से क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उनकी मेहनत लगन और अनुशासन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयाँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।क्षेत्रवासियों का कहना है कि रोहित ठाकुर ने यह साबित कर दिया है कि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास से ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी देश के सर्वोच्च पदों तक पहुँच सकते हैं। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।

# ऊना जिले में ब्लूबेरी की खेती की नई शुरुआत , किसानों के लिए खुलीं आय की नई राहें

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ जोगिंदर देव आर्य



विकास खंड बंगाणा के गांव कमून के प्रगतिशील किसान संजीव जसवाल ने आधुनिक कृषि एवं बागवानी तकनीकों को अपनाते हुए जिले में ब्लूबेरी की खेती की एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने लंबे समय से बंजर पड़ी भूमि को उपजाऊ बनाकर ब्लूबेरी की खेती शुरू की है, जो जिले के लिए एक अभिनव और संभावनाओं से भरपूर पहल मानी जा रही है वर्तमान में जसवाल 2,500 ग्रोइंग बैग्स में ब्लूबेरी की सफलतापूर्वक खेती कर रहे हैं। इस परियोजना की विशेषता यह है कि सिंचाई हेतु सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे लागत में कमी के साथ- साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। उन्नत तकनीकों के प्रयोग से न केवल फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई है, बल्कि भविष्य में उनकी आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की संभावनाएं हैं।संजीव जसवाल बागवानी विभाग, बंगाणा ब्लॉक के नियमित संपर्क में हैं। उद्यान विकास अधिकारी वीरेंद्र भारद्वाज तथा विभागीय विशेषज्ञों द्वारा उन्हें समय -समय पर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। इस संबंध में उप निदेशक बागवानी डॉ. कमलेश भारद्वाज ने बताया कि ऊना जिले की जलवायु ब्लूबेरी की खेती के लिए अनुकूल है और प्रारंभिक वर्षों में इसके अत्यंत सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि ब्लूबेरी फसल किसानों को बाजार में 1200 रुपये प्रति किलोग्राम तक का मूल्य दिलाने में सक्षम है।

# मुबारिकपुर (अम्ब) में दर्दनाक सड़क हादसा, +2 के छात्र की मौत

## अज्ञात वाहन की टक्कर से गई जान, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

जागो वर्ल्ड - दौलतपुर चौक / संजीव डोगरा



उपमंडल अम्ब के मुबारिकपुर क्षेत्र में एक हृदयविदारक सड़क हादसे में +2 कक्षा में पढ़ने वाले छात्र की मौत हो गई। यह दुर्घटना बंसल हाइड्रा वर्कशॉप के समीप हुई, जहां किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तारी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए छात्र को टक्कर मार दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक छात्र विनय कुमार पुत्र गुरदयाल सिंह, निवासी मुबारिकपुर वार्ड नंबर- 6 था। वह कलरुही स्कूल में +2 कक्षा का छात्र था। यह हादसा 24 जनवरी 2026 की शाम करीब 6 से 8 बजे के बीच हुआ बताया जा रहा है मृतक के मामा सुरेश कुमार निवासी अप्पर भंजाल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि छात्र देर शाम तक घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था। परिजनों द्वारा तलाश करने पर सड़क किनारे उसकी चप्पल मिली, जिसके बाद झाड़ियों में वह गंभीर अवस्था में पड़ा मिला। उसे तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल अम्ब लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर पुलिस थाना अम्ब की टीम मौके पर पहुंची। शव का निरीक्षण कर फोटोग्राफी की गई। मृतक के मामा के बयान के आधार पर पुलिस ने धारा 281, 106(1) बीएनएस व 187 मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। मामले की गहन जांच जारी है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# नगर निगम ऊना में स्टाफ की भारी कमी, पूर्व अध्यक्ष अमरजोत बेदी ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



जागो वर्ल्ड - ऊना / ब्यूरो रिपोर्ट

नगर परिषद ऊना व 14 पंचायतों को स्तरोन्नत कर नगर निगम तो बन गया है, लेकिन नगर निगम में स्टाफ की किल्लत अब गंभीर समस्या बन गई है। नगर निगम में अनुभवी कर्मचारी सेवानिवृत या स्थानांतरित हो चके है। उनके स्थान पर पर्याप्त नियुक्तियां नही हुई है। जिसके चलते नगर निगम में कर्मचारियों की कमी गंभीर समस्या बन गई है। ऐसे में जनता के काम भी प्रभावित हो रहे है। इसी समस्या को लेकर शनिवार को नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन एवं पार्षद अमरजोत सिंह बेदी ने उपायुक्त ऊना को ज्ञापन सौंपकर जल्द नगर निगम में अधिकारियों कर्मचारियों को तैनात करने की मांग उठाई।उन्होंने कहा कि नगर निगम में अधिकारी/ कर्मचारी नहीं होने से जन शिकायतों का समाधान प्रभावित हो गया है। जिससे नगर निगम में नई जुड़ी 14 पंचायतों के लोगों में रोष देखने को मिल रहा है। अगर इसमें अनुभवी अधिकारी/ कर्मचारी तैनात होंगे तो लोगों के काम समयबद् हो पाएंगे। उन्होंने जिला प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में पर्याप्त संख्या में स्टाफ की तैनाती, अनुभवी अधिकारियों/ कर्मचारियों की नियुक्ति व नए कर्मचारियों की तैनाती अनुभवी स्टाफ के साथ की जाएं। उन्होंने कहा कि अगर जल्द अधिकारियों/कर्मचारियों की नियुक्तियां न की जाए तो लोगों असंतोषगढ बढ़ सकता है। इन मसलों को सरकार के समक्ष उठाकर जल्द समाधान करवाया जाए।

# करवालीयां गांव की वंदना देवी का बीएसएफ में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ जोगिंदर देव आर्य




जिला ऊना के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव करवालीयां (संहाल), डाकघर मंदली की बेटी वंदना देवी, पुत्री लेख राम, का चयन एसएससी जीडी परीक्षा के माध्यम से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में हुआ है। वंदना देवी के चयन से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।वंदना देवी की इस उपलब्धि पर परिवारजनों गांववासियों और क्षेत्रवासियों ने गर्व व्यक्त किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद वंदना देवी ने कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनका चयन क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन गया है।ग्रामीणों ने बताया कि वंदना देवी शुरू से ही मेहनती और अनुशासित छात्रा रही हैं। उनके बीएसएफ में चयन से न केवल परिवार बल्कि पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता बेटियों की क्षमता और सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है।वंदना देवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार और शिक्षकों को दिया है।

# हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ प्रशिक्षित कला स्नातक अध्यापकों के हितों की अनदेखी: राम पाल सौखला

जागो वर्ल्ड - बंगाणा / कुटलैहड़ जोगिंदर देव आर्य

हिमाचल प्रदेश प्रशिक्षित कला स्नातक (टीजीटी) संघ ने वर्ष 2008-2009-2010 में नियुक्त वरिष्ठ प्रशिक्षित टीजीटी अध्यापकों के साथ हो रहे कथित घोर अन्याय पर कड़ा रोष जताया है। संघ का कहना है कि इन वरिष्ठ अध्यापकों को लंबे समय से पदोन्नति से वंचित रखा गया है, जबकि उनसे जूनियर अध्यापक अगस्त 2025 में प्रबक्ता (स्कूल) पदों पर पदोन्नत हो चुके हैं, जो किसी भी कर्मचारी के लिए असहनीय स्थिति है।संघ के राज्य अध्यक्ष सुरेश कौशल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से इस गंभीर मामले में सीधा हस्तक्षेप करने की जोरदार मांग की है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ प्रशिक्षित टीजीटी अध्यापकों को शीघ्र अति शीघ्र प्रबक्ता स्कूल पद पर पदोन्नत किया जाए, ताकि उनके साथ हो रहे अन्याय को समाप्त किया जा सके।संघ के संयुक्त सचिव राम पाल सौखला ने बताया कि बड़ी संख्या में वरिष्ठ प्रशिक्षित टीजीटी अध्यापक 31 मार्च 2026 तक बिना पदोन्नति पाए ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे, जो कि उनके साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि यदि जूनियर अध्यापक पदोन्नत न हुए होते तो यह पीड़ा का विषय नहीं बनता, लेकिन वर्तमान स्थिति अत्यंत गंभीर है।उन्होंने शिक्षा सचिव एवं स्कूल शिक्षा निदेशक से आग्रह किया कि वे स्वयं इस मामले का संज्ञान लेते हुए अपने कर्मचारियों के हितों की रक्षा करें और वरिष्ठ प्रशिक्षित टीजीटी अध्यापकों को तुरंत पदोन्नत कर राहत प्रदान करें।इस मांग का समर्थन करते हुए संघ के राज्य सचिव विजय हीर, राज्य उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महिला विंग की प्रधान रीता बाल्याणी सहित समस्त जिला अध्यक्षों एवं ब्लॉक अध्यक्षों ने एक स्वर में सरकार से आग्रह किया है कि सेवा निवृत्ति के निकट पहुंचे इन वरिष्ठ प्रशिक्षित टीजीटी अध्यापकों को अंतिम समय में पदोन्नति का लाभ देकर न्याय प्रदान किया जाए।

**संघ का कहना है कि इन वरिष्ठ अध्यापकों को लंबे समय से पदोन्नति से वंचित रखा गया है, जबकि उनसे जूनियर अध्यापक अगस्त 2025 में प्रबक्ता (स्कूल) पदों पर पदोन्नत हो चुके हैं, जो किसी भी कर्मचारी के लिए असह- नीय स्थिति है।**

# पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब मेंराष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया -अंब

जागो वर्ल्ड / अंब/स्पर्ष शर्मा

पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में दिनांक 24 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े उत्साह एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ईएलसी क्लब के नोडल अधिकारी गणेश लठ्ठ व एन एस एस प्रोग्राम ऑफिसर बनवारी लाल भोगल ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस क्यों मनाया जाता है और किस प्रकार जागरूक मतदाता लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। साथ ही उन्होंने यह संदेश दिया कि सभी नागरिकों को मतदान के प्रति सजग रहकर देश में मतदान प्रतिशत को शत-प्रतिशत तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम के दौरान ईएलसी क्लब की छात्रा पलक ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलवाई और सभी को अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य विनोद वनयाल ने भी विद्यार्थियों को मतदाता दिवस के महत्व से अवगत कराया और कहा कि हम सभी लोगों को एक जागरूक मतदाता बनना चाहिए।इसी क्रम में



आज विद्यालय के रिटेल विभाग के विद्यार्थियों का एक दल ऑन-जॉब ट्रेनिंग हेतु ऊना स्थित स्मार्ट बाजार के लिए रवाना हुआ। लगभग 50 विद्यार्थियों के इस समूह के साथ उनकी अध्यापिकाएं सीमा ढिल्लों व अनु सैनी एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने स्मार्ट बाजार में वस्तुओं की बिक्री, डिस्प्ले व्यवस्था तथा ग्राहक सेवा से संबंधित महत्वपूर्ण व्यावहारिक जानकारियां प्राप्त की, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगी।विद्यालय प्रधानाचार्य महोदय ने इस प्रशिक्षण में जाने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और वहां से सकारात्मक एवं उपयोगी अनुभव लेकर आएँ। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

# छात्र हित में प्रश्नपत्रों की रूपरेखामें ऐतिहासिक बदलाव, बोर्ड का प्रयास हैं अप्रैल तक परिणाम घोषित कर दिया जाए

जागो वर्ल्ड / धर्मशाला / राकेशकुमार

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने आज प्रदेश के लाखों छात्रों और अभिभावकों के इंतज़ार को समाप्त करते हुए वार्षिक परीक्षा-2026 के शेड्यूल की घोषणा कर दी है। डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 10वीं और 12वीं कक्षा की नियमित और राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) की परीक्षाएं 3 मार्च से एक साथ शुरू होंगी। इस बार बोर्ड ने न केवल समय पर परीक्षाएं करवाने का निर्णय लिया है, बल्कि छात्र हित में प्रश्नपत्रों की रूप-रेखा में भी ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। प्रश्नों का क्रम बदला जाएगाबोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि पिछले कई वर्षों से छात्रों और शिक्षकों के बीच प्रश्नपत्रों की सीरीज (A, B, C) को लेकर असंतोष रहता था। छात्रों का तर्क था कि किसी सीरीज में प्रश्न बहुत कठिन होते हैं तो किसी में सरल। इस समस्या को जड़ से खत्म करते हुए बोर्ड ने निर्णय लिया है कि अब तीनों सीरीज में प्रश्न बिल्कुल एक समान होंगे। अंतर केवल इतना होगा कि प्रश्नों का क्रम बदला जाएगा (Question Shuffling)। इससे न केवल मूल्यांकन में निष्पक्षता आएगी, बल्कि मेरिट सूची की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत छात्रों को जेईई (JEE) और नीट (NEET) जैसी परीक्षाओं के लिए तैयार करने हेतु बोर्ड ने प्रश्नपत्र के प्रारूप को आधुनिक बनाया है।मॉडल प्रश्नपत्र और विस्तृत क्वेश्चन बैंक उपलब्ध कराएडॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि इस बार



शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष -डॉक्टर राजेश शर्मा

**10वीं और 12वीं कक्षा की नियमित और राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) की परीक्षाएं 3 मार्च से एक साथ शुरू होंगी।**

कुल अंकों का 20 प्रतिशत हिस्सा बहुविकल्पीय प्रश्नों (MCQs) पर आधारित होगा। इसके अलावा, छात्रों के मानसिक दबाव को कम करने के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर मॉडल प्रश्नपत्र और विस्तृत क्वेश्चन बैंक उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि छात्र परीक्षा के बदले हुए स्वरूप से पहले ही परिचित हो सकें।शिक्षा बोर्ड ने इस वर्ष रिकॉर्ड समय में परीक्षा परिणाम घोषित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। डॉ. राजेश शर्मा के अनुसार, मूल्यांकन कार्य को युद्ध स्तर पर पूरा करने के लिए विशेष केंद्रों का गठन किया जाएगा। बोर्ड का प्रयास है कि 30 अप्रैल 2026 तक परिणाम घोषित कर दिए जाएं, ताकि छात्रों को कॉलेज में प्रवेश लेने या राष्ट्रीय स्तर की अन्य परीक्षाओं की काउंसलिंग में किसी देरी का सामना न करना पड़े।नकल पर नकेल और केंद्रों की निगरानी परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए बोर्ड इस बार तकनीक का सहारा ले रहा है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी (CCTV) कैमरों के माध्यम से धर्मशाला मुख्यालय से सीधी निगरानी रखी जाएगी। संवेदनशील और अति-संवेदनशील केंद्रों के लिए विशेष फ्लाइंग स्क्वाड तैनात किए गए हैं। डॉ. शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी केंद्र पर सामूहिक नकल या अव्यवस्था पाई गई, तो उस केंद्र की परीक्षा रद्द करने के साथ-साथ संबंधित स्टाफ पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रैक्टिकल और रोल नंबर की जानकारी मुख्य परीक्षाओं से पहले होने वाली प्रैक्टिकल परीक्षाएं 20 से 28 फरवरी के बीच आयोजित होंगी। बोर्ड जल्द ही सभी स्कूलों को रोल नंबर और प्रवेश पत्र (Admit Cards) ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवा देगा। छात्रों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि सुरक्षा जांच और सीटिंग अरेंजमेंट समय पर पूरा हो सके।बोर्ड अध्यक्ष की अपीलप्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने छात्रों अविभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि इस परीक्षा महापर्व को सब मिलकर सफल बनाने के लिए सहयोग करें और इस बार नकल मुक्त परीक्षाएं करवाई जाने को संकल्प लें प्रैक्टिकल और रोल नंबर की जानकारीमुख्य परीक्षाओं से पहले होने वाली प्रैक्टिकल परीक्षाएं 20 से 28 फरवरी के बीच आयोजित होंगी। बोर्ड जल्द ही सभी स्कूलों को रोल नंबर और प्रवेश पत्र (Admit Cards) ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध करवा देगा। छात्रों को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि सुरक्षा जांच और सीटिंग अरेंजमेंट समय पर पूरा हो सके।

# जिला कांगड़ा ओपन कैश प्राइज बैडमिंटन प्रतियोगिता का धर्मशाला में हुआ आगाज




जागो वर्ल्ड/ कांगडा/राकेश कुमार

जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा धर्मशाला के इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय जिला स्तरीय ओपन कैश प्राइज बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रबंधक निदेशक अल्पाइन विला एवं ब्लैक मैजिक रवि अरोड़ा द्वारा किया गया। मुख्यअतिथि द्वारा इस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक निदेशक स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल अजय राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष विशाल मिश्रा एवं पदाधिकारी विक्रम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला कांगड़ा से लगभग 200 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन के मुकाबले में अंडर 15 लड़कों के एकल मुकाबले में किंशुक ने शिवांश को हराकर अर्णव पटियाल ने किनसुख सलोत्रा को हराकर, एलविश ने आध्या चौधरी को हराकर, तन्मय ने नक्श भारद्वाज को हराकर, आरुष ने पीयूष को हराकर, रियाज ने रेयांश को हराकर, अथर्व ने अद्वे को हराकर, अरुण ने विनायक को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। अंडर 11 लड़कों के एकल मुकाबले में त्रासित ने आह्वान को हराकर, शिवम ने विश्वम पठानियों को हराकर, देवांश कौंडल ने कार्तिक को हराकर, अभिमन्यु ने देवांश ठाकुर को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इस प्रतियोगिता के विजेता विजेताओं को समापन समारोह में मेडल तथा कैश प्राइज राशि भेंट कर सम्मानित किया जाएगा।

# सोलन में दर्दनाक हादसा, 15 साल की बच्ची पर गिरी चट्टान

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में बारिश के दौरान हुए भूस्खलन में एक 15 वर्षीय किशोरी की जान चली गई। यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ, जब किशोरी अपनी बहन के साथ गांव में दूध देने जा रही थी। वहीं, इस हादसे के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के मुताबिक, घटना सोलन विधानसभा क्षेत्र की कोरो कैंथड़ी पंचायत के गांव गोल की है। मृतका की पहचान हिमानी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह हिमानी अपनी बहन रेणु के साथ गांव में दूध देने जा रही थी। दोनों बहनें एक-दूसरे से करीब पांच से छह फीट की दूरी पर चल रही थीं। जैसे ही वह घर से लगभग एक किलोमीटर दूर पहुंची, तभी अचानक पहाड़ी से एक बड़ी चट्टान गिर गई, जिसके नीचे हिमानी दब गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने चट्टान हटाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक हिमानी की मौत हो चुकी थी।गांव में शोक की लहरइधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# हिमाचल प्रदेश में दो दिन बारिश-बर्फबारी का अलर्ट, कुकुमसेरी में तापमान -7 डिग्री,636 सड़कें बंद, पर्यटकों के लिए एडवाइजरी जारी

जागो वर्ल्ड- शिमला/ टीना ठाकुर

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में आगामी दो दिनों तक बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की चेतावनी जारी की है। बर्फबारी के चलते प्रदेश में शीतलहर का असर तेज हो गया है। लाहौल-स्पीति का कुकुमसेरी क्षेत्र प्रदेश में सबसे ठंडा दर्ज किया गया, जहां न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।लगातार बर्फबारी के कारण प्रदेश में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। राज्यभर में कुल 636 सड़कें बंद पड़ी हैं, जिनमें तीन राष्ट्रीय राजमार्ग भी शामिल हैं। इसके अलावा 5,032 बिजली ट्रांसफॉर्मर ठप होने से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित है। दुर्गम और ऊंचाई वाले इलाकों में पेयजल योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मौसम विभाग के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के



कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई, जबकि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई। बर्फ जमने के कारण सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है, जिससे वाहनों की आवाजाही मुश्किल बनी हुई है। ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में हालात अब भी सामान्य नहीं हो पाए हैं। हालांकि, बर्फबारी के बाद मौसम खुलने से प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। राजधानी शिमला, मनाली, कुफरी, नारकंडा और खज्जियार जैसे पर्यटन स्थलों पर सैलानी बर्फबारी का लुत्फ उठाने पहुंच रहे हैं। इससे होटल, रेस्टोरेंट और पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों में उत्साह देखा जा रहा है।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 27 और 28 जनवरी को प्रदेश के कई भागों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बर्फबारी की संभावना है। कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी भी हो सकती है। इसके बाद 29 और 30 जनवरी को मौसम के शुष्क रहने के आसार हैं। विभाग ने कुछ इलाकों में घना कोहरा, शीतलहर और तेज हवाओं को लेकर भी चेतावनी जारी की है।पिछले 24 घंटों में प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। वहीं, बजौरा में प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।मौसम विभाग और प्रशासन ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों को पहाड़ी इलाकों में सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ दो दिवसीय कुश्ती मेला स्वारघाट क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय कुश्ती मेला हर्षोल्लास

जागो वर्ल्ड/ स्वारघाट / सुभाषचंदेल

स्वारघाट क्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय कुश्ती मेला हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। यह कुश्ती दंगल 22 जनवरी को शुरू हुआ था, लेकिन लगातार बारिश के कारण एक दिन का विराम देना पड़ा।मेले में खंड विकास अधिकारी विनय शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। वहीं नैना टाइल के ओनर तरसेम लाल ठाकुर, काका वर्मा रोडजामन पंचायत के शेर सिंह, प्रेम ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आज फाइनल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें देश के नामी अखाड़ों के पहलवानों ने



भाग लिया। पहलवानों ने एक से बढ़कर एक रोमांचक मुकाबले प्रस्तुत कर कुश्ती प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया।फाइनल मुकाबला रूबल खन्ना और रोशन किरलगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें रूबल खन्ना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोशन किरलगढ़ को पटखनी देकर बैहल कुश्ती दंगल का खिताब अपने नाम किया।वहीं सेमीफाइनल मुकाबला टैटू जॉर्जिया और नरेंद्र खन्ना के बीच हुआ, जो लगभग आधे घंटे तक चला। कड़े संघर्ष के बाद टैटू जॉर्जिया विजेता रहे दंगल के मुकाबले देर रात तक चलते रहे। पहलवानों के दमखम और दांव-पेच ने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा।मेले में भारी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी, वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी हुई थीं, जिनमें मनिहारी, होजरी, बर्तन के अलावा गोलगप्पे, टिक्की, समोसे, जलेबी, बर्गर, आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक व अन्य खाद्य स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने रहे। इसके साथ ही मेले में लगे झूलों ने बच्चों और युवाओं का खासा मनोरंजन किया, जिससे मेले की रौनक और भी बढ़ गई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विनय शर्मा ने लखाला स्कूल के लिए 2 लाख 10 हजार रुपये की लागत से शौचालय का निर्माण कार्य करवाने तथा बैहल स्कूल में मुख्य सड़क से स्टेज तक रास्ता पक्का करवाने का आश्वासन दिया।मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना कोट के प्रभारी अश्वनी शर्मा ने अपनी टीम सहित पूरी मुस्तैदी से ड्यूटी निभाई, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।छिंज कमेटी के अध्यक्ष एवं पंचायत प्रधान प्रदीप ठाकुर, उप प्रधान कर्मजीत कौर, हरपाल ठाकुर, भजन ठाकुर, समाजसेवी जगमोहन, राम कुमार शर्मा, केवल कृष्ण, शिवलाल सहित कमेटी के सभी सदस्यों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी पहलवानों, दर्शकों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।पूरे कुश्ती दंगल ने क्षेत्र की लोक संस्कृति और परंपरा को जीवंत करते हुए बैहल छिंज मेले को यादगार बना दिया।

# मंडी में विवाह के झूठे वायदे पर दुष्कर्म के मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला, आरोपी बरी



जागो वर्ल्ड/मंडी/सचिन शर्मा

जिला मंडी की एक विशेष अदालत ने विवाह के झूठे वायदे के आधार पर दुष्कर्म और प्रताड़ना के एक बहुचर्चित मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-1 की अदालत ने मुख्य आरोपी शक्ति चंद धीमान और उसके परिवार के 3 अन्य सदस्यों को संदेह का लाभ देते हुए सभी आरोपों से बरी कर दिया है। मामला फरवरी, 2020 में महिला थाना मंडी में दर्ज किया गया था। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि आरोपी शक्ति चंद धीमान ने उससे शादी का झांसा देकर अक्तूबर, 2019 से जनवरी 2020 के बीच शारीरिक संबंध बनाए।आरोप यह भी था कि आरोपी के माता-पिता और उसकी बहन ने पीड़िता के साथ मारपीट की, उसे अपशब्द कहे और दहेज या अन्य कारणों से प्रताड़ित किया। अदालत ने साक्ष्यों और गवाहों के बयानों का बारीकी से विश्लेषण करने के बाद पाया कि पीड़िता बालिग थी और वह अपनी मर्जी से आरोपी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने गई थी। उसने खुद पुलिस के सामने पहले बयान दिया था कि वह अपनी स्वेच्छा से आरोपी के साथ रह रही है। अदालत ने शक्ति चंद धीमान, विलियम जॉन, संतोष धीमान और शिवानी धीमान को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है।

# खडोह गांव के लोगों का दुख दर्द सुनते हुए पूर्व मंत्री एवं भारतीय वालीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर

जागो वर्ल्ड/ खडोह/रिंकू भारद्वाज

कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डीहर के गांव खडोह, खैरियां, चम्वोआ में पूर्व मंत्री एवं भारतीय वालीबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्रवासियों से भेंट की और लोगों का हाल-चाल जाना। इस मौके पर उनके साथ कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र के पूर्व महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, पूर्व ग्राम केंद्र प्रभारी मलकीत सिंह, रेलवे से रिटायर्ड मदन लाल शर्मा, रिटायर्ड डिप्टी रेंजर तिलक राज शर्मा, सतीश ठाकुर ब अन्य लोग शामिल रहे।इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों के सुख-दुख में शामिल होकर उनके साथ आत्मीय



संवाद किया, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक माहौल देखने को मिला।पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने पंचायत के विभिन्न गांवों के लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने उन्हें क्षेत्र से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं, विशेष रूप से खडोह गांव की लंबे समय से चली आ रही सड़क समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं बरसात के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती है।ग्रामीणों की इस समस्या पर पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने गंभीरता दिखाते हुए खडोह गांव की सड़क समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सड़क जैसी बुनियादी सुविधा आम जनता के दैनिक जीवन से सीधे तौर पर जुड़ी होती है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती।

# अम्बेहडा के असिस्टेंट कमांडेंट जोगिंदर कुमार शर्मा को राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मान

जागो वर्ल्ड/तलमेहरा/रिंकू भारद्वाज

आईटीबीपी में कार्यरत असिस्टेंट कमांडेंट जोगिंदर कुमार शर्मा को उनके उत्कृष्ट, निष्कलंक एवं 33 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवाओं को दृष्टिगत रखते हुए गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान से उनके परिवार, रिश्तेदारों, भाईचारे एवं स्थानीय क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।जोगिंदर कुमार शर्मा मूल रूप से जिला ऊना की उप तहसील जोल की ग्राम पंचायत अम्बेहडा धीरज के निवासी हैं। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा अम्बेहडा स्कूल में हुई तथा उन्होंने दसवीं कक्षा की शिक्षा चौकी मन्यार स्कूल से पूर्ण की। छात्र जीवन से ही वे पढ़ाई में सदैव अग्रणी रहे।उन्होंने 19 अक्टूबर 1992 को आईटीबीपी में अपनी सेवाएं प्रारंभ कीं। ऑल इंडिया प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से उनका चयन सब इंस्पेक्टर पद



पर हुआ। सेवा के दौरान आईटीबीपी की प्रत्येक ट्रेनिंग में उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और कई ट्रॉफियां अपने नाम कीं।उनकी कार्यकुशलता और मेरिट के आधार पर उनका चयन (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) में हुआ, जहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री की सुरक्षा में नौ वर्षों से अधिक समय तक सुरक्षा अधिकारी के रूप में सेवाएं दीं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में भी छह वर्षों तक अपनी सेवाएं प्रदान कीं। एसपीजी में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें पुलिस स्पेशल ड्यूटी मेडल से सम्मानित किया गया। सेवा अवधि के दौरान शर्मा ने आईटीबीपी के अनेक व्यावसायिक पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किए। उन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अत्यंत दुर्गम उच्च हिमालयी क्षेत्र लेह में सेवाएं दीं, जहाँ उनके अदम्य साहस के लिए उन्हें हाई एल्टीट्यूड मेडल से भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उन्होंने आईटीबीपी ऑफिसर अकादमी में अधिकारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया।वर्तमान में वे आईटीबीपी हेडक्वार्टर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके सराहनीय कार्य निष्पादन के लिए महानिदेशक, आईटीबीपी द्वारा उन्हें कई बार इंसाइनिया, कमेंडेशन रोल एवं अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। जोगिंदर कुमार शर्मा फिटनेस के प्रति भी विशेष रूप से समर्पित हैं। उन्होंने राजस्थान में पाकिस्तान बॉर्डर पर 200 किलोमीटर की दौड़ सहित कई लंबी दूरी की मैराथन पूरी की हैं, जिसके लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा फिटनेस मेडल प्रदान किया गया।

# सहमति से शारीरिक संबंध बनाना ,बाद में शादी से इनकार नाहन कोर्ट की सख्त टिप्पणी



जागो वर्ल्ड/ सिरमौर/जीडी शर्मा

विवाह का भरोसा देकर दुष्कर्म के आरोपों से जुड़े एक मामले में कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। जिला न्यायालय ने आरोपी को सशर्त जमानत देते हुए कहा कि यदि दोनों पक्ष बालिग हों और संबंध लंबे समय तक चले हों, तो केवल विवाह न होने के आधार पर प्रारंभिक स्तर पर ऐसे मामले को दुष्कर्म की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश ने रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता और आरोपी के बीच लगभग दस वर्षों तक संबंध रहे। अदालत के अनुसार, मौजूदा तथ्यों से यह मामला सहमति से बने संबंधों का प्रतीत होता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक की जांच में ऐसा कोई ठोस साक्ष्य सामने नहीं आया है, जिससे यह साबित हो कि संबंध धोखाधड़ी, दबाव या किसी प्रकार के प्रलोभन के तहत बनाए गए थे। यह मामला 26 अक्तूबर 2025 को माजरा थाना में दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि पांवटा साहिब निवासी खेम सिंह ने विवाह का आश्वासन देकर लंबे समय तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इन्कार कर दिया। शिकायत में कहा गया था कि इससे उसका आत्मसम्मान आहत हुआ और वह मानसिक रूप से प्रभावित हुई।अदालत ने आदेश में कहा कि वर्तमान चरण में केवल विवाह न होने के आधार पर मामले को दुष्कर्म की श्रेणी में रखना सही नहीं माना जा सकता।

# कुल्हाड़ीवाला गांव के लोगों ने सरकारी भूमि पर मजार बनाने का लगाया आरोप डंगा लगाने के नाम पर पहले लोगों की भावनाओ से खेला

जागो वर्ल्ड/ सोलन/शांति गौतम

कुल्हाड़ीवाला में सरकारी जमीन में बनी दरगाह का विवाद सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को गांव के युवाओं इस निर्माण कार्य पर सवालिया निशान लगाए है। इन युवाओं का आरोप है कि यह 2.8 बीघा जमीन सरकारी है और बद्दी के तहसीलदार ने इस जमीन को दरगाह के नाम पर कर दी है। इस गांव में डंगा लगाने के नाम पर विशेष समुदाय के लोग आए। इन लोगों ने डंगा के नाम पर अंदर ही अंदर कोरोना काल में एक दरगाह तैयार कर दी। अब प्रशासन को यह बताया जा रहा है कि यह दरगार पचास साल पुरानी है जबकि इसका काम कोरोना में हुआ है और जो निर्माण करने वाले कमेटी है उसके गठन 2025 में हुआ है। इससे स्पष्ट है कि इस निर्माण कार्य को चोरी छिपे किया गया है। गांव के युवा विक्रम कुलदीप , कश्मीर सिंह, हेमराज, जसपाल व निर्मल ने बताया कि विशेष समुदाय इसके पांच दशक पुरानी मजार होने का दावा करता है। स्थानीय लोगों को देवी देवता के नाम पर गुमराह कर रहे है। जबकि गांव में गुगा मेडी व लखदाता पीर का पहले ही स्थान बना हुआ है। असलियत तो यह है कि वर्ष 2016 में यहां पर एक पहाड़ी थी। जिसे डंगा देने के नाम पर सीधा किया गया और अब यहां पर करोड़ों रुपये कीलागत से मजार बना दी है। यहां पर सभी परिवार हिंदू परिवार है और मजार बनने से यह विशेष समुदाय की सभी धीरे धीरे शुरू हो रही है। विक्रम ने बताया कि उस पर लोगों को भडक़ाने व भ्रामक प्रचार करने का आरोप लगा है। लेकिन वास्तव में जो हुआ है वह सबके सामने है। उन्होंने इस बारे में उपायुक्त की अदालत में शिकायत दी है। उनकी मांग है कि अवैध निर्माण कार्य को रोका जाए अन्यथा आने वाले समय में यह प्रशासन व स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन जाएगा।

# मंडी के पास महिला ने ब्यास नदी में कूदकर दी जान

जागो वर्ल्ड/मंडी/सचिन शर्मा

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला मुख्यालय से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। एक 37 वर्षीय महिला ने ऐतिहासिक पंचवक्त्र मंदिर के समीप ब्यास नदी में छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर है। मृतका की पहचान रीता देवी (37) पत्नी स्वर्गीय प्रकाश चंद के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मंडी जिला के बनाल गांव की रहने वाली थी। रीता देवी बाबा भूतनाथ मंदिर की गली में एक किराए के कमरे में अपने बेटे और बेटी के साथ रहती थी। शनिवार सुबह करीब 9 बजे उसने विक्टोरिया पुल (भूली पुल) से उफनती ब्यास नदी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बचाव दल ने तुरंत सर्च अभियान शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिला के शव को नदी से निकाल लिया गया।

# मुबारिकपुर (अम्ब) में दर्दनाक सड़क हादसा, +2 के छात्र की मौत

जागो वर्ल्ड/मुबारिकपुर/अंशुल शर्मा

उपमंडल अम्ब के मुबारिकपुर क्षेत्र में एक हृदयविदारक सड़क हादसे में +2 कक्षा में पढ़ने वाले छात्र की मौत हो गई। यह दुर्घटना बंसल हाइड्रा वर्कशॉप के समीप हुई, जहां किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तारी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए छात्र को टक्कर मार दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक छात्र विनय कुमार पुत्र गुरदयाल सिंह, निवासी मुबारिकपुर वार्ड नंबर-6 था। वह कलरुही स्कूल में +2 कक्षा का छात्र था। यह हादसा 24 जनवरी 2026 की शाम करीब 6 से 8 बजे के बीच हुआ बताया जा रहा है।मृतक के मामा सुरेश कुमार निवासी अप्पर भंजाल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि छात्र देर शाम तक घर नहीं लौटा और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा था। परिजनों द्वारा तलाश करने पर सड़क किनारे उसकी चप्पल मिली, जिसके बाद झाड़ियों में वह गंभीर अवस्था में पड़ा मिला। उसे तुरंत उपचार के लिए सिविल अस्पताल अम्ब लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर पुलिस थाना अम्ब की टीम मौके पर पहुंची। शव का निरीक्षण कर फोटोग्राफी की गई। मृतक के मामा के बयान के आधार पर पुलिस ने धारा 281, 106(1) बीएनएस व 187 मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है। मामले की गहन जांच जारी है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# हरसर बस अड्डे में 01 किलो 20 ग्राम चरस बरामद



जागो वर्ल्ड - कांगड़ा / ज्वाली / राजेश कतनोरिया

पुलिस थाना ज्वाली के अंतर्गत हरसर गांव में बस स्टाप के पास बने रेन शैल्टर में गश्त के दौरान पवन कुमार पुत्र कुलदीप निवासी हरसर व राखी पत्नी अशोक निवासी हाऊस न0 11, वार्ड न0 01 सपेरा बस्ती दोराहा लुधियाणा के कब्जे से 01 किलो 20 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की है । जिस पर उपरोक्त आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना ज्वाली में धारा 20, 29-61-85 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस किया गया है । एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करके आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है । इस केस की जांच के दौरान यह पाया गया है कि आरोपी पवन कुमार शातिर व अभ्यस्थ अपराधी है जिस पर पहले भी पुलिस थाना ज्वाली में एनडीपीएस एक्ट के अधीन 0 1 केस व आबकारी अधिनियम के तहत 1 1 केस पंजीकृत हैं । भविष्य में भी जिला पुलिस नूरपुर का नशे के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

# संगड़ाह में भारी बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त, चारों प्रमुख सड़कें बंद





जागो वर्ल्ड -सिरमौर / जीडी शर्मा

सिरमौर जिला के उपमंडल संगड़ाह में भारी बर्फबारी के बाद जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। क्षेत्र की चारों मुख्य सड़कें बर्फ से बंद हो गई हैं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया।शुक्रवार सुबह हुई भारी बर्फबारी के चलते संगड़ाह गत्ताधार, संगड़ाह हरिपुरधार, हरिपुरधार नौहराधार और संगड़ाह राजगढ़ सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई हालांकि प्रशासन ने राहत की खबर दी है। एसडीएम संगड़ाह सुनील कायथ ने बताया कि बर्फ हटाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है और शनिवार तक इन सभी सड़कों पर छोटी गाड़ियों की आवाजाही बहाल कर दी जाएगी लोक निर्माण विभाग ने सड़कों से बर्फ हटाने के लिए 10 जेसीबी मशीनें तैनात की हैं।वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति भी बड़ी समस्या बनी हुई है। गुरुवार रात से शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे तक करीब 12 घंटे संगड़ाह क्षेत्र में ब्लैक आउट रहा। इसके बाद भी अब तक डेढ़ दर्जन के करीब अघोषित पावर कट लग चुके हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।संगड़ाह अस्पताल में जनरेटर और इनवर्टर की सुविधा न होने से मरीजों को बर्फीली ठंड में दिक्कतें झेलनी पड़ीं। इसी दौरान अस्पताल में एक महिला का सफल प्रसव भी कराया गया।बर्फीली सड़कों पर फिसलन और हादसों के खतरे को देखते हुए संगड़ाह पुलिस ने लगातार दूसरे दिन भी बैरिकेडिंग कर पर्यटकों के वाहनों को रोक दिया। पर्यटक बर्फ देखने के लिए पैदल महाविद्यालय और किंकरी देवी पार्क की ओर जाते नजर आए ।प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से बर्फीली सड़कों पर वाहन न चलाएं और प्रशासन का सहयोग करें।

# चिट्टे के खिलाफ सिरमौर जोड़ो यात्रा पांवटा साहिब पहुंची





जागो वर्ल्ड -सिरमौर / जीडी शर्मा

चिट्टे के खिलाफ सिरमौर जोड़ो यात्रा पांवटा साहिब पहुंची। यहां युवाओं ने औद्योगिक क्षेत्र में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक। दून पहाड़ी संगठन सहित सैकड़ो स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। यहां यात्रा के संयोजकों ने नशा माफिया से आग्रह किया कि अब इस जानलेवा व्यापार को बंद करें। उन्होंने पुलिस प्रशासन सहित सरकार से भी अनुरोध किया कि नशे के खिलाफ जन जागरण को सहयोग करें।"नशे पर प्रहार, सिरमौर है तैयार" स्लोगन के साथ नशा माफिया के खिलाफ सिरमौर जिले में ऐतिहासिक जन जागरण यात्रा शुरू हुई है। सैंकड़ों ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली यात्रा के दौरान गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। पांच दिवसीय पैदल यात्रा के तीसरे दिन यह यात्रा पांवटा साहिब पहुंची। इससे पहले शिलाई क्षेत्र के क्यारीगुडाहां गांव से जिला मुख्यालय नाहन तक 121 किलोमीटर की पैदल यात्रा पिछली रात सतोन गांव पहुंची थी। सतोन में यात्रा को स्थानीय लोगों का अपार समर्थन मिला। यहां सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के साथ सतोन बाजार जन जागरण यात्रा निकाली। दरअसल सीमावर्ती क्षेत्र सिरमौर जिले में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों तक पांव पसार लिए हैं संख्या युवा जानलेवा नशे की जंगल में फंस गए हैं। नशे के को रोकने में पुलिस प्रशासन और सरकार के प्रयास न कही साबित हो रहे हैं लिहाजा क्यारीगुंडाहां पंचायत के युवाओं ने पांच दिवसीय जन जागरण यात्रा शुरू की है। उधर, पांवटा साहिब में गोविंदपुर में स्थानीय लोगों ने दून पहाड़ी संगठन सहित स्थानीय लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। यहां यात्रा के संयोजक कपिल शणकवान ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि यह यात्रा 26 जनवरी को जिला मुख्यालय नाहन में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि यात्रा को भारी जन समर्थन मिल रहा है। यात्रा को यह अपार जनसमर्थन भविष्य में क्षेत्र से नशे को समाप्त करने में सहायक साबित होगा। उन्होंने चिट्टा माफिया से आग्रह किया कि अब इस क्षेत्र में जहर बेचना बंद करें। अब क्षेत्र के लोग जाग गए हैं। चिट्टा और नशे को रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में कमरिया बनाई जा रही हैं। उन्होंने सरकार और प्रशासन से भी आग्रह किया कि चिट्टे के खिलाफ जन जागरण मुहिम में जनता का सहयोग करें। आयुष कौन है बताया कि इस यात्रा के बाद भी उनका जन जागरण कार्यक्रम जारी रहेगा।यह यात्रा पांवटा साहिब क्षेत्र में जन जागरण करेगी 25 जनवरी को यात्रा का पड़ाव धोलाकुँवा में होगा। 26 जनवरी को यात्रा जिला मुख्यालय नाहन में समाप्त होगी।

# एक दिन की बारिश ने खोली बद्दी-नालागढ़ में प्रशासन की पोल, सड़कें बनी तालाब

जागो वर्ल्ड - सोलन / स्वास्तिक गौतम

शुक्रवार को हुई बारिश के बाद शनिवार को भी बद्दी-नालागढ़ क्षेत्र के कई हिस्सों में जलभराव की गंभीर स्थिति बनी रही। आलम यह रहा की जगह- जगह पानी भरने और सडक़ों की हालत खराब होने से यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही, जिसके चलते प्रमुख मार्गों पर वाहनों की गति थमी रही और कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बन गई। हालात को संभालने और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बद्दी पुलिस ने तत्काल प्रभाव से अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की। पुलिस कर्मियों को प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया, जहां वे लगातार यातायात को नियंत्रित कर जाम की स्थिति समाप्त करने में जुटे रहे। बता दें कि बीबीएन क्षेत्र में गत दिवस हुई बारिश ने एनएचएआई और प्रशासन की तैयारियों की भी पोल खोल दी है, हालात यह है कि शनिवार को भी फोरलेन पर कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति सामने आई, क्योंकि अधिकांश हिस्सों में पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं किया गया है। परिणामस्वरूप सडक़ पर पानी जमा हो गया और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पैदल आने -जाने वाले कामगारों को भी जलभराव के कारण खासी दिक्कतें झेलनी पड़ीं, जबकि सबसे अधिक परेशानी अभिभावकों को उठानी पड़ी, जिन्हें बच्चों को स्कूल छोडने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रेड लाइट चौक, ट्रक यूनियन, संडोली, मलपुर, हरायपुर, किशनपुरा, मानपुरा, मल्लपुर सहित कई क्षेत्रों में सडक़ पर पानी जमा हो गया। जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था न होने से इन इलाकों में वाहन चलाना मुश्किल हो गया और यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। शनिवार दोपहर बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी ट्रैफिक के दबाव के बीच लोग लंबे समय तक जाम से जूझते रहे। हालांकि बद्दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और यातायात को धीरे- धीरे सुचारू किया।

## बद्दी-नालागढ़ क्षेत्र में जलभराव से हाहाकार, पुलिस को संभालनी पड़ी यातायात व्यवस्था



# शिलाई के सैनिक का सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार छोटे भाई नितिन और रोहित ने दी मुखाग्नि






जागो वर्ल्ड -सिरमौर / जीडी शर्मा



जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र से भारतीय सेना के जवान रहे कपिल का शनिवार को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि 8 जनवरी को उत्तराखंड के सेलाकुई देहरादून में सेना के जवान कपिल दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसने की बुधवार देर रात को देहरादून के सैनिक अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शनिवार सुबह जवान की पार्थिव देह गांव पटना, डाकघर बिंडला- दिगवा, तहसील शिलाई पहुंचाई गई। सैनिक कपिल के छोटे भाइयों नितिन व रोहित ने अंतिम संस्कार के दौरान मुखाग्नि और कपिल पंचतत्व में विलीन हो गया। भारतीय सेना की ओर से फर्स्ट पैरा नाहन की यूनिट में जवान को सैन्य सामान के साथ विदाई दी। बतातें चलें कि 02 जून 1998 को पिता पंचराम और माता जयंती देवी के घर गांव पटना डाकघर बिंडला- दिगवा, तहसील शिलाई में जन्मे और पिछले 7 वर्षों से सेना में सेवारत जांबाज जवान अपने माता पिता के 3 बेटों और 3 बेटियों में से सबसे बड़े और होनहार थे। बहनें नीलम, सोनु, कुशा देवी व भाई नितिन और रोहित हैं। सिपाही कपिल 18 सितंबर 2018 में ग्रेनेडियर रैजिमेंट में भर्ती होकर 16वीं बटालियन के अंतर्गत वर्तमान में 55वीं राष्ट्रीय राइफ्लस के अधीन जम्मू कश्मीर में तैनात थे। वही भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब शिलाई क्षेत्र ने सैनिक कपिल की देह का नम आंखों से स्वागत कर पुरे सम्मान के साथ पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही जवान कपिल अमर रहे के जयघोष लगाए। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब शिलाई क्षेत्र की तरफ से पूर्व अध्यक्ष व सलाहकार विरेंद्र चौहान, उपाध्यक्ष रामभज धीमान, मिडिया प्रभारी जगदीश, नरेन्द्र ठुंडू, संतराम चौहान, वीरेंद्र सिंह, जवाहर देसाई, हितेंदर सिंह, दिनेश ठाकुर, ज्ञान सिंह, जीवन सिंह, सुरेश कुमार, मामराज चौहान, नेतर चौहान, स्वर्णजीत, दिनेश कुमार सुखविंदर सिंह, सुनील चौहान, अब्दुल, दीपचंद, राकेश, संत सिंह के अलावा कई सैनिक और पूर्व सैनिकों के साथ सेंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नम आंखों से यही प्रार्थना की कि परमपिता परमेश्वर दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दे तथा सम्पूर्ण शोक संतृप्त परिवार को इस अथाह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे ।

# लंबे सूखे के बाद बदला मौसम का मिज़ाज, हिमाचल में तापमान गिरा; सरकार अलर्ट मोड पर

जागो वर्ल्ड -धर्मशाला / राकेश कुमार



हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा घाटी में भारी बारिश हुई और धौलाधार पर्वत श्रृंखला में पिछले दो दिनों से हिमपात हो रहा है। कई महीनों के लंबे सूखे के बाद तापमान में भारी गिरावट आई है। घाटी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसी बीच, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने हिमाचल प्रदेश के लिए अलर्ट जारी कर कहा है कि सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के 26 से 2 8 जनवरी तक राज्य को प्रभावित करने की संभावना है जिससे कई क्षेत्रों में भारी हिमपात और बारिश हो सकती है। मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को अलर्ट पर रखा है और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने, आपातकालीन प्रतिक्रिया योजनाओं को सक्रिय करने और जनता को समय पर सलाह जारी करने का निर्देश दिया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को सड़कों को सुचारू रूप से चलाने के लिए मशीनरी तैनात करने का निर्देश दिया गया है, जबकि बिजली बोर्ड को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।जल शक्ति विभाग को पेयजल व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। पुलिस और पर्यटन विभाग को यातायात नियंत्रित करने और जहां आवश्यक हो वहां यात्रा संबंधी सलाह जारी करने के लिए कहा गया है। सभी संबंधित विभागों को राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) और जिला आपातकालीन संचालन केंद्रों (डीईओसी) के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित करने और दैनिक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

**कहां, कितनी बारिश-बर्फबारी**

प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान धर्मपुर में 91.4 एमएम बारिश, सोलन में 68.6, कंडाघाट में 67.0 ऊना में 54.2, काहू में 53.3, पालमपुर व नगरोटा सूरियां 53.2 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई। उधर कोठी में 105 सेटीमीटर बर्फबारी गोंदला में 85, केलांग में 75, खदराला में 68.6, कुफरी में 66, मनाली में 45.8 और शिमला में 40.0 सेंटीमीटर हिमपात दर्ज किया गया।

# लाहुल-स्पीति में ताजा हिमपात से 290 सड़कें बंद, जनजीवन अस्त-व्यस्त

जागो वर्ल्ड -लाहौल स्पीति / रंजीत सिंह



जिला लाहुल-स्पीति में एक बार फिर हिमपात हुआ है। हिमपात होने से लाहुल-स्पीति का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लाहुल-स्पीति जिला में 290 सडक़ें अवरूद्ध हो गई हैं। बर्फबारी से वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक लग गई है। लाहुल में ग्रामीण सडक़ों के साथ एनएच भी वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हो गया है। शनिवार को को मौसम रूकने के बाद बीआरओ ने एनएच-003 की बहाली का कार्य शुरू कर दिया है। लेकिन अन्य संपर्क मार्ग अवरूद्ध हैं। सडक़ें बर्फबारी से फिसलन भरी हो गई हैं। जानकारी के अनुसार लाहुल-स्पीति की 134 संपर्क मार्ग अवरूद्ध हो गए हैं एनएच-003 केलांग से मनाली और उदयपुर से केलांग, उदयपुर से मनाली के लिए बर्फबारी से मार्ग अवरूद्ध होने पर वाहनों की आवाजाही थम गई।केलांग से दारचा एनएच-003 बर्फबारी से बंद हो गया। केलांग से एटीआर नोर्थ पोर्टल अटल टनल एनएच-003, एटीआर से मनाली- 0 0 3 बर्फबारी से बंद हो गए हैं। तिंदी-उदयपुर, उदयपुर से तिंदी, काडूनाला संपर्क मार्ग बंद हो गया है। काजा लोसर एनएच- 5 0 5 ताजा बर्फबारी से बंद हो गया है। बीआरओ ने बारिश थमते ही मार्ग की बहाली का कार्य शुरू कर दिया है। जिला में एनएच- 0 0 3 कोकसर- रोहतांग पासकोकसर- एटीआर नोर्थपोर्टल- दारचा, दारचा- सरचू, दारचा शिंकुला, ग्रांफू-बातल, एसकेटीटी तिंगदी से कडूनाला, लोसर- बातल और सुमदो-लोसर एनएच समेत लाहुल- स्पीति जिला में 290 सडक़ें अवरूद्ध हो गई हैं। लाहुल में 134 और स्पीति में लगभग 1 5 6 सडक़ें अवरूद्ध हो गई हैं। लोगों को दिक्कतें आ रही हैं।विधायक अनुराधा राणा के बोललाहुल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा का कहना है लाहुल-स्पीति में ताजा बर्फबारी से मार्ग अवरूद्ध हुए हैं। मौसम के खुलते ही बीआरओ ने केलांग- मनाली मार्ग की बहाली का कार्य आरंभ किया। बिजली बोर्ड के कर्मचारी भी बर्फबारी के कारण अवरूद्ध बिजली आपूर्ति को बहाल करने में जुटे हैं। लोक निर्माण, बिजली जलशक्ति विभागों का स्टाफ जनता को सुविधा प्रदान करने के लिए में फील्ड तैनात है।

# चंबा में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

जागो वर्ल्ड -चम्बा / काकू खान



## बैठक में जिले के हर टीबी रोगी के परिणाम में सुधार के लिए टीबी केस अधिसूचना और अन्य संकेत कों पर समीक्षा की गई

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा की ओर से सीएमओ कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की विशेष मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा जालम भारद्धाज ने की। उन्होंने जिला में टीबी कार्यक्रम के तहत संचालित गतिविधियों का आकलन कर आवश्यक दिशा- निर्देश भी जारी किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्धारित मानकों के अनुसार हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना है। बैठक में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत व निक्षय मित्र योजना पर चर्चा की गई। बैठक में जिले के हर टीबी रोगी के परिणाम में सुधार के लिए टीबी केस अधिसूचना और अन्य संकेत कों पर समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए कि हर सीएचओ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सीएचसी, सीएच, जिला अस्पताल तथा मेडिकल कालेज से टीबी के लक्षणों वाले मरीजों को टीबी की जांच के लिए स्वास्थ्य संस्थान में भेजा जाए।उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लाक में टीबी के मामलों का जल्द पता लगाने तथा मरीजों को हर प्राइमरी स्वास्थ्य संस्थान जांच की सुविधा दी जा रही है। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. कविता महाजन व जिला कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर हरित पुरी, विभिन्न स्वास्थ्य खंडों के खंड चिकित्सधिकारी और एसटीएस व एसटीएलएस काउंसलर के अलावा फार्मेसी आफिसर उपस्थित रहे।

# चंबा में बर्फबारी-बारिश से बंद 170 मार्गों में से 38 बहाल, 132 पर काम जारी

जागो वर्ल्ड -चम्बा / काकू खान




बर्फबारी और बारिश का दौर थमते ही लोक निर्माण विभाग ने बर्फबारी व बारिश के कारण बंद मार्गो से बर्फ हटाकर वाहनों की आवाजाही हेतु खोलने के लिए युद्धस्तर पर काम छेड़ दिया है। शनिवार सवेरे बर्फबारी व बारिश के कारण बंद कुल 170 मार्गों में देर शाम तक 38 मार्गों को दोबारा से वाहनों के लिए खोल दिया गया है। फिलहाल जिला के 132 मार्गों पर अभी तक यातायात बहाल नहीं हो पाया है। इन बंद मार्गों में चंबा-जोत, चंबा डलहौजी वाया खजियार, चंबा-भरमौर, चंबा-होली मुख्य मार्ग भी शामिल हैं। शनिवार सवेरे बर्फबारी और बारिश के कारण चंबा मंडल के 31, डलहौजी के सात, तीसा के 42, सलूणी के 26 भरमौर के चौदह, पांगी के 42 और भटियात मंडल के दो मार्ग बंद थे।देर शाम तक लोक निर्माण विभाग ने चंबा के 11, डलहौजी के चार, तीसा के दस, सलूणी के सात, भरमौर व पांगी के तीन-तीन और भटियात के एक मार्ग को खोलने में सफलता हासिल कर ली। लोक निर्माण विभाग का दावा है कि बर्फबारी व बारिश के कारण बंद अधिकतर मार्गों पर मौसम साफ रहने की सूरत में रविवार शाम तक यातायात दोबारा बहाल कर दिया जाएगा उधर, लोक निर्माण विभाग डलहौजी सर्किल के अधीक्षण अभियंता दिवाकर पठानिया ने इसकी पुष्टि करते कहा कि शनिवार शाम तक 3 8 मार्ग खोल दिए गए हैं। 132 मार्गो पर यातायात बहाली का काम लगातार जारी है।

## डिप्टी सीएम के गृह क्षेत्र में 28 करोड़ का भूमि घोटाला कांग्रेस के भ्रष्टाचार का जीता-जागता सबूत: कटवाल

जागो वर्ल्ड

**शिमला।** भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने ऊना जिला के हरौली विधानसभा क्षेत्र में सामने आए 28 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह मामला कांग्रेस की भ्रष्टाचार संस्कृति का सबसे बड़ा और शर्मनाक उदाहरण है। डिप्टी सीएम के गृह विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों की यह लूट यह साबित करती है कि कांग्रेस सरकार में घोटाले अब नीति बन चुके हैं और सरकारी धन को खुलेआम निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। संजीव कटवाल ने कहा कि जिस जमीन को हिमुडा और राजस्व विभाग ने फ्लैट निर्माण के लिए खरीदा, वह वास्तविकता में खाइयों, खड्डों और प्राकृतिक नालों से भरी हुई बताई जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी अनुपयोगी जमीन को आखिर किसने निर्माण योग्य घोषित किया? क्या यह सब कागजों पर खेल खेलकर किया गया या फिर जानबूझकर सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची गई? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस शासन में सरकारी एजेंसियां अब विकास के लिए नहीं, बल्कि कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के लिए इस्तेमाल हो रही हैं। जमीन को सर्किल रेट से कई गुना अधिक कीमत पर खरीदकर सरकारी धन की बंदरबांट की गई। विजिलेंस द्वारा एफआईआर दर्ज होना इस बात का प्रमाण है कि प्रारंभिक जांच में घोटाले के पक्के सबूत सामने आ चुके हैं। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि यह केवल जमीन मालिक का मामला नहीं है। इस घोटाले में वे अधिकारी, कर्मचारी, मूल्यांकन करने वाले लोग और फाइलों पर हस्ताक्षर करने वाले वरिष्ठ अफसर भी पूरी तरह जिम्मेदार हैं। इतना बड़ा फर्जीवाड़ा बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं है। कांग्रेस को यह बताना होगा कि क्या यह घोटाला सत्ता के इशारे पर हुआ और किन-किन लोगों ने इसमें हिस्सेदारी निभाई? संजीव कटवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी वर्षों से भ्रष्टाचार की जननी रही है। वीरभद्र सरकार के समय शुरू हुआ यह खेल बाद में आगे बढ़ता रहा और अब जब जांच खुली है तो कांग्रेस सरकार के दावों की हवा निकल गई है। कांग्रेस का तथाकथित 'व्यवस्था परिवर्तन' केवल नारा साबित हो रहा है क्योंकि घोटाले उसी गति से चल रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष और समयबद्ध जांच करवाई जाए और इसमें शामिल बड़े नामों को जनता के सामने लाया जाए। भाजपा यह स्पष्ट करती है कि यदि सरकार इस घोटाले को दबाने या केवल छोटे लोगों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति करने का प्रयास करेगी, तो भाजपा सड़क से सदन तक कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक आंदोलन करेगी। प्रदेश की जनता अब कांग्रेस के घोटालों और लूट से त्रस्त है और कांग्रेस को आने वाले समय में इसका करारा जवाब मिलने वाला है।



संजीव कटवाल

## हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं: जेपी नड्डा

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का आह्वान

जागो वर्ल्ड

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देवभूमि हिमाचल प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त हिमाचलवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि शौर्य, पराक्रम और सनातन सभ्यता के गौरवशाली इतिहास से सुशोभित, आलौकिक प्राकृतिक सौंदर्य से समृद्ध देवभूमि हिमाचल प्रदेश प्रकृति और संस्कृति का एक अनूठा संगम है। नड्डा ने प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि देवभूमि निरंतर समृद्धि और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर रहे, यही उनकी प्रार्थना है। केंद्रीय मंत्री ने हिमाचल प्रदेश के लोगों की अद्वितीय प्रतिभा, साहस और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि हिमाचल के वीर सपूत भारत माता की सेवा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह दिन लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास को और अधिक गहरा करने का अवसर है। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग से जुड़े सभी कार्मिकों एवं संस्थाओं की प्रशंसा की, जो भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि मतदाता होना केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि एक अत्यंत महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है, जो हर नागरिक को भारत के भविष्य के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का अवसर देता है। केंद्रीय मंत्री ने विशेष रूप से पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मतदाता बनना उत्सव का अवसर है और नए मतदाताओं की सहभागिता लोकतंत्र को नई ऊर्जा प्रदान करती है।

### गणतंत्र दिवस संविधान के आदर्शों की सार्वजनिक अभिव्यक्ति: नड्डा

नड्डा ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत की राष्ट्रीय यात्रा का एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पड़ाव है। 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही भारत एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्र की विविधता को प्रतिबिंबित करते हैं। नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड सैनिक अनुशासन, सांस्कृतिक विरासत और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का अद्भुत संगम है। देशभर में ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नागरिक आयोजनों के माध्यम से यह पर्व संविधान के प्रति हमारी निष्ठा को और मजबूत करता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस वर्ष 77वें गणतंत्र दिवस समारोहों की विषय-वस्तु 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' है। परेड, झांकियां, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और प्रतियोगिताएं इसी भावना पर आधारित होंगी।

## ब्रीफ न्यूज

### पंजाब में चक्का जाम: PRTC ठेका कर्मियों ने दी चेतावनी,

**पटियाला।** पंजाब रोडवेज पनबस/पीआरटीसी कांट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन ने सरकार पर मांगों की अनदेखी और निजीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि 28 जनवरी की बैठक में उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो चक्का जाम, पक्के धरने और मुख्यमंत्री के आवास पर प्रदर्शन किया जाएगा। शनिवार को लुधियाना के इसरू भवन में हुई राज्य स्तरीय बैठक में सीटू के राज्य महासचिव महा सिंह रोड़ी मुख्य अतिथि रहे। यूनियन संरक्षक कमल कुमार, चेयरमैन बलविंदर सिंह राठ, राज्य प्रधान रेशम सिंह गिल समेत अन्य नेताओं ने अपने विचार रखें।

### लुधियाना में फिल्मी अंदाज में फरार हुआ आरोपी

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में पुलिस को बड़ा झटका लगा है, जब वाहन चोरी के एक आरोपी ने हिरासत से फिल्मी स्टाइल में फरार होने में कामयाबी हासिल कर ली। आरोपी विक्की राज ने चलती पुलिस गाड़ी से हथकड़ी छुड़ाकर कूदकर भाग निकला और अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस की पकड़ से दूर हो गयाजानकारी के अनुसार, थाना डिवीजन नंबर 2 में दर्ज मुकदमा नंबर 09/2026 के तहत आरोपी विक्की राज, जमीपाल और जगदीप सिंह को पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद जज प्रभजोत भट्टी (जे.एम.आई.सी.) की कोर्ट से एक दिन का पुलिस रिमांड मिला। रिमांड पर उन्हें मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल ले जाया जा रहा था।

### दूसरे राज्यों को छोड़ पंजाब में निवेश कर रही निजी कंपनियां

**पंजाब।** कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि महिंद्रा एंड महिंद्रा भारत के अग्रणी बहुराष्ट्रीय समूहों में से एक है,



जिसने ऑटोमोटिव, कृषि उपकरण, वित्तीय सेवाओं, निर्माण और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित की है। इस समूह को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी औद्योगिक प्लेटफॉर्म विकसित करने का व्यापक अनुभव और प्रतिष्ठा प्राप्त है तथा यह भारत के सबसे बड़े मोबिलिटी सॉल्यूशन निर्माताओं में से एक है, जिसका संचालन घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में फैला हुआ हैमहिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने जापान आधारित सुमितोमो कॉरपोरेशन और इसुज़ु मोटर्स से शेयरों की खरीद के माध्यम से लगभग 555 करोड़ रुपये में एसएमएल इसुज़ु लिमिटेड में 58.96 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। अगस्त 2025 में लेन-देन पूर्ण होने के बाद कंपनी के बोर्ड का पुनर्गठन किया गया और फर्म का नाम एसएमएल महिंद्रा लिमिटेड रखा जा रहा है।

### मानसा में पूर्व महिला सरपंच की दिनदहाड़े हत्या, घात लगाए बैठे हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

**मानसा।** मानसा जिले के गांव खिल्लन में पीआरटीसी के पूर्व डायरेक्टर व कांग्रेसी नेता कर्म सिंह चौहान की भतीजी और पूर्व महिला सरपंच महिंद्रजीत कौर (40) की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने उनके सिर में पिस्तौल से तीन गोलियां दागीं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात के बाद गांव और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। परिजनों के अनुसार शनिवार दोपहर महिंद्रजीत कौर अपने पति मनप्रीत सिंह के साथ खेत का चक्कर लगाकर स्कॉर्पियो गाड़ी से गांव पहुंचीं। जैसे ही वे घर के पास उतरीं तो पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। महिंद्रजीत कौर के सिर में तीन गोलियां लगीं जबकि एक गोली उनके पति मनप्रीत सिंह के पास से निकल गई जिससे वह बाल-बाल बच गए। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। वहीं, पूर्व महिला सरपंच की हत्या की खबर से गांव खिल्लन में शोक का माहौल है। राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। मृतका के चाचा कर्म सिंह चौहान ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके खेत में अज्ञात लोगों द्वारा रोड़े और मलबा फेंक दिया गया था जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी। परिवार मूल रूप से बुढलाडा में रहता है और कभी-कभार ही खेत देखने गांव खिल्लन आता था। पुलिस इस पुराने विवाद को भी जांच का हिस्सा मान रही है।

## उपमण्डल स्तर पर हर्षोल्लास से मना राष्ट्रीय मतदाता दिवस



जागो वर्ल्ड

**सरकाघाट।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उपमण्डल स्तरीय समारोह एसडीएम एवं निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी राजेन्द्र कुमार गौतम की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवसर को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस बार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने माई इंडिया, माई वोट-सिटीजन एट द हर्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी थीम निर्धारित किया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए राजेन्द्र कुमार गौतम ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हर नागरिक को अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना चाहिए तथा हर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नए पात्र युवाओं की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग अब साल में चार बार मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण करवा रहा है। इसकी अहर्क तिथियां एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर निर्धारित की गई हैं। यानि इन चार तिथियों को 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर युवा अपने नाम मतदाता सूचियों में पंजीकृत करवा सकते हैं। इस अवसर उन्होंने उपस्थित लोगों को हर निर्वाचन में स्वतंत्र रूप से, निर्भीक होकर और किसी भी तरह के प्रलोभन में आए बगैर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई तथा नए युवा मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्रदान किए। उन्होंने अन्य अतिथियों, युवा मतदाताओं और प्रतिभागी विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर निर्वाचन विभाग से नेहा राठौर, दीपक कुमार, विभिन्न बूथ के बीएलओ सहित युवा मतदाता शामिल रहे।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र व्यक्ति का पंजीकरण अनिवार्य: तोरुल एस. रवीश




जागो वर्ल्ड

**कुल्लू।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में रविवार को देव सदन, कुल्लू में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस. रवीश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदाताओं की भूमिका पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि एक नागरिक के रूप में हमारा कर्तव्य भी है। हर वोट लोकतंत्र की नींव को सशक्त बनाता है। मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और युवाओं को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने विशेष रूप से नए मतदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही लोकतंत्र का भविष्य है। उन्होंने पात्र युवाओं से अपील की कि वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा की स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाता तथा बिना किसी प्रभाव के विवेकपूर्ण मतदान करना अनिवार्य है। इस अवसर पर चुनाव प्रक्रिया के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, बूथ लेवल अधिकारियों और नए मतदाता युवाओं को मतदाता पहचान एवं पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक वद्यालय सुल्तानपुर की छात्राओं ने तथा सुंदर लोक नृत्य कुलवी नाटी प्रस्तुत की। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भुंतर ने लघु नटिका, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कटराईं के छात्रों ने लोकतंत्र की मजबूती के विषय में वक्तव्य तथा भारत भारती स्कूल के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित

**कुल्लू।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में उपमंडल बंजार में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (सिविल) एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, बंजार द्वारा की गई। इस अवसर पर पंकज शर्मा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान नवपंजीकृत मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी कार्ड) वितरित किए गए। एसडीएम बंजार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मतदान का अधिकार प्रत्येक नागरिक की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने नए मतदाताओं से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर करें तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन या दबाव से दूर रहें। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं और नए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता पंजीकरण, ईवीएम एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई

## भाजपा कार्यकर्ता व एडवोकेट सिकंदर कपूर पर हमला, थार सवार युवकों ने की मारपीट

जागो वर्ल्ड

**अबोहर।** शहर में कानून-व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। बीती रात करीब 7:30 बजे भाजपा के कार्यकर्ता एवं एडवोकेट सिकंदर कपूर के साथ मारपीट की गंभीर घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार थार गाड़ी में सवार युवकों ने सिकंदर कपूर पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में पहले उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चोटें ज्यादा गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें



फरीदकोट रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। यह पूरी घटना फ्लाईओवर के नीचे हुई और पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना की सूचना तुरंत नगर थाना नंबर-2 को दी गई। पीड़ित सिकंदर कपूर के बयान के आधार पर पुलिस ने मोंटी सहित दो अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल नामजद आरोपी फरार बताए जा रहे हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह विवाद गाड़ी क्रॉस करने को लेकर हुई कहासुनी के बाद बढ़ा, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## लुधियाना में फिल्मी अंदाज में फरार हुआ आरोपी: पुलिस गाड़ी से हथकड़ी छुड़ाकर कूदा

जागो वर्ल्ड

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना में पुलिस को बड़ा झटका लगा है, जब वाहन चोरी के एक आरोपी ने हिरासत से फिल्मी स्टाइल में फरार होने में कामयाबी हासिल कर ली। आरोपी विक्की राज ने चलती पुलिस गाड़ी से हथकड़ी छुड़ाकर कूदकर भाग निकला और अंधेरे का फायदा उठाकर पुलिस की पकड़ से दूर हो गया। जानकारी के अनुसार, थाना डिवीजन नंबर 2 में दर्ज मुकदमा नंबर 09/2026 के तहत आरोपी विक्की राज, जमीपाल और जगदीप सिंह को पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद जज प्रभजोत भट्टी (जे.एम.आई.सी.) की कोर्ट से एक दिन का पुलिस रिमांड मिला। रिमांड पर उन्हें मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल ले जाया जा रहा था। सब-इंस्पेक्टर गुरदेव सिंह और होमगार्ड करम सिंह आरोपियों को हथकड़ी लगाकर पुलिस गाड़ी की पिछली सीट पर बैठाए हुए थे। जब गाड़ी जगराओं पुल के पास जेएमडी मॉल के सामने पहुंची, तो विक्की राज ने चालाकी से हथकड़ी से अपना हाथ निकाल लिया। उसने चलती गाड़ी का दरवाजा खोलकर कूद गया और मौके से फरार हो गया। पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसका पीछा किया, लेकिन अंधेरा होने और भीड़भाड़ के कारण आरोपी भागने में सफल रहा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी विक्की राज के खिलाफ फरार होने और हिरासत से भागने के मामले में नया मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल, आरोपी की तलाश के लिए छापेमारी और जांच तेज कर दी गई है। पुलिस टीम विभिन्न इलाकों में सर्च ऑपरेशन चला रही है और सीसीटीवी फुटेज की जांच भी की जा रही है।

## फिरोजपुर नहर में गिरी फॉर्च्यूनर, NRI थे सवार



जागो वर्ल्ड

**फिरोजपुर।** फिरोजपुर के गांव झोंक हरिहर के नजदीक एक फॉर्च्यूनर कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। कार का टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सीधा नहर में जा गिरी। जिस समय यह हादसा हुआ उस समय गाड़ी में दो लोग सवार थे। दोनों ने किसी तरह खुद को पानी में डूब रही कार से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि कार में दो एनआरआई सवार थे, जिन्हें हल्की चोटें आई हैंफॉर्च्यूनर कार पर ससुर और दामाद दोनों सवार होकर किसी शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। उनकी कार के सामने एक लावारिस पशु आ गया। उसे बचाने के लिए एकदम ब्रेक लगाई, टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। कार के मालिक का कहना है कि उनका दामाद इंग्लैंड से आया था और उसके दोस्त की मैरिज थी। रात के समय वह शादी समारोह में हिस्सा लेने जा रहे थे। जब कार नहर में गिरी तो वह किसी तरह खिड़की का शीशा खोलकर कार से बाहर आए। कार पलट चुकी थी। वे दोनों कार के ऊपर पर खड़े हो गए। उन्होंने लोहे की ग्रिल को हाथ डालकर अपने आप को कार के ऊपर खड़े रखा।

## गणतंत्र दिवस में मद्देनजर पंजाब में सुरक्षा की कमान संभालेंगे 6000 जवान

जागो वर्ल्ड

**पंजाब।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। डीजीपी गौरव यादव ने सभी जिलों के पुलिस आयुक्तों व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में सुरक्षा के मद्देनजर 6000 जवान तैनात किए गए हैं। डीजीपी ने सभी स्टेशन हाउस अधिकारियों (एसएचओ) और राजपत्रित अधिकारियों से गणतंत्र दिवस कार्यक्रम समाप्त होने तक फील्ड में सक्रिय रहने के लिए कहा है। विशेष पुलिस महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने कहा, चल रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार- गैंगस्टरां ते वार के तहत, पूरे राज्य में वाहनों और संदिग्ध



लोगों की व्यापक चेकिंग की जा रही है। इसके अलावा, सभी जिलों की पुलिस टीमें अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में होटलों और सराय की गहन चेकिंग कर रही हैं। उनके अनुसार पंजाब के लोगों से हर समय सतर्क रहने और कुछ भी संदिग्ध पाए जाने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने का भी आग्रह किया। लोग 112 हेल्पलाइन नंबर पर पुलिस को सूचित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने ड्रग्स के खिलाफ अपना अभियान 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' जारी है।

